दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 189 | सीकर, मंगलवार 08 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# दामाद V/S बागी
# मुकाबले पर टिकी नजरें
## सुर्खियों में वार्ड 49 परिणाम बताएगा किसकी साख या किसे लगा दाग




कासं

**झुंझुनू (नव्ययत्न)।** सोमवार को दिनभर शहर की निगाहें सोशल मीडिया पर चल रहे वार्ड नंबर 49 के घटनाक्रम पर टिकी रही। नगर निकाय चुनाव में वार्ड 49 इस समय शहर की सबसे हॉट सीट के रूप में चर्चा में है। यहां भारतीय जनता पार्टी की ओर से झुंझुनूं विधायक राजेंद्र सिंह भाम्बू के दामाद मनु धनकड़ चुनाव मैदान में हैं, वहीं भाजपा से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में डॉ. कमल चंद सैनी भी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच मुकाबले को लेकर राजनीतिक हलकों के साथ आम मतदाताओं में भी उत्सुकता बनी हुई है।

### किसके नाम पर लगेगी मतदाताओं की मुहर?

वार्ड 49 के मतदाताओं की पसंद क्या है, किस प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगेगी और कौन पार्षद बनेगा, इसका वास्तविक जवाब 14 सितंबर को मतगणना के बाद ही सामने आएगा। मतदान से पहले दोनों प्रत्याशियों की स्थिति को लेकर अलग-अलग दावे और कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन अंतिम फैसला मतदाताओं के वोट से ही होगा।

### दामाद की जीत या भाजपा की जीत?

इस सीट पर एक सवाल राजनीतिक चर्चा के केंद्र में है कि विधायक राजेंद्र सिंह भाम्बू अपनी पूरी ताकत अपने दामाद मनु धनकड़ को जिताने में लगाएंगे या फिर उनका मुख्य फोकस नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनाने पर रहेगा। वार्ड 49 का परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यहां मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और भाजपा के ही बागी प्रत्याशी के बीच सियासी संदेश देने वाला माना जा रहा है।

### टिकट वितरण को लेकर भी चर्चा

**शहरी मतदाताओं के बीच टिकट वितरण को लेकर भी चर्चा है। राजनीतिक गलियारों में यह धारणा बनी हुई है कि कई वार्डों में टिकट वितरण विधायक की पसंद और प्रभाव से प्रभावित रहा। ऐसे में नगर परिषद चुनाव का परिणाम विधायक भाम्बू के राजनीतिक प्रभाव और संगठन में उनकी पकड़ को लेकर भी कई सवालों के जवाब देगा।**



### भाजपा बोर्ड का दबाव कितना?

यदि नगर परिषद में भाजपा बोर्ड बनाने में सफल रहती है तो इसका राजनीतिक श्रेय स्थानीय संगठन और विधायक के खाते में जाना स्वाभाविक है। वहीं यदि पार्टी बोर्ड बनाने में विफल रहती है तो टिकट वितरण और चुनावी रणनीति को लेकर सवाल उठना भी तय माना जा रहा है। इसी वजह से वार्ड 49 सहित कई वार्डों के परिणाम को विधायक की राजनीतिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है।

### वायरल बयान ने बढ़ाई सियासी गर्मी

इधर सोशल मीडिया पर विधायक राजेंद्र सिंह भाम्बू से जुड़ा एक कथित बयान भी चर्चा में रहा, जिसमें भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान नहीं होने पर विकास कार्य नहीं कराने की बात कही जा रही है। इस बयान को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर चर्चाओं का दौर गर्म रहा। हालांकि चुनावी माहौल में वायरल हो रही ऐसी सामग्री की स्वतंत्र पुष्टि के बिना उसके आधार पर कोई अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

### 14 सितंबर को खुलेगा पिटारा

फिलहाल वार्ड 49 में दामाद बनाम बागी का मुकाबला किस करवट बैठता है, यह कहना जल्दबाजी होगी। मतदान बुधवार को होगा और 14 सितंबर को मतगणना के बाद ईवीएम खुलने पर ही तस्वीर साफ होगी। तब पता चलेगा कि वार्ड 49 के मतदाताओं ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी पर भरोसा जताया या बगावत कर मैदान में उतरे प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया।

## वार्ड 49 में चुनाव कार्यालय को लेकर शिकायत
# फर्जी मतदान की तैयारी का आरोप

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर परिषद के वार्ड नंबर 49 के चुनाव में राजनीतिक घमासान बढ़ता जा रहा है। वार्ड से प्रत्याशी डॉ. कमलचंद सैनी ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को शिकायत देकर प्रत्याशी मनू धनखड़ के चुनाव कार्यालय को मतदान केंद्र से करीब 90 मीटर की दूरी पर संचालित किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्यालय को हटवाने तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में डॉ. सैनी ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्र के नजदीक चुनाव कार्यालय होने से वहां भीड़ जुटाकर मतदाताओं को प्रभावित करने, डराने या प्रलोभन देने की स्थिति बन सकती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वार्ड से बाहर के कुछ लोगों द्वारा मतदाताओं को धमकियां दिए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### बाहर रहने वाले मतदाताओं के दस्तावेज जुटाने का आरोप

शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि वार्ड के ऐसे मतदाता जो झुंझुनूं से बाहर रहते हैं, उनके परिजनों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। डॉ. सैनी ने आशंका जताई कि इन दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी मतदान की तैयारी की जा सकती है। उन्होंने एआई जनरेटेड फोटो के जरिए फर्जी मतदान कराने की आशंका भी जताई है।

### प्रत्याशी डॉ. कमलचंद सैनी ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत, जांच व कार्रवाई की मांग

**पूर्व सर्वे कर फर्जी मतदान रोकने की मांग**-डॉ. सैनी ने निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि वार्ड के बाहर रहने वाले मतदाताओं का पूर्व सर्वे करवाकर मतदान के दौरान उनकी पहचान का विशेष सत्यापन कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार के फर्जी मतदान की संभावना को रोका जा सके। शिकायत में प्रत्याशी के प्रतिनिधि विपुल छक्कड़ सहित वार्ड और वार्ड से बाहर के कुछ लोगों पर इन गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। डॉ. सैनी ने पूरे मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों पर संबंधित प्रत्याशी या उनके समर्थकों का पक्ष सामने नहीं आया है। निर्वाचन विभाग की जांच और कार्रवाई के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## आमेर किले तक गाड़ी ले जाने को लेकर हुए विवाद में गाइड पर चाकू से हमला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आमेर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मावठा सरोवर के पास आमेर किले तक गाड़ी ले जाने को लेकर जीप चालक और टूरिस्ट गाइड के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर जीप चालक आजम ने अपने साथी नाजिश के साथ मिलकर टूरिस्ट गाइड मनीष सोनी पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से मनीष के पेट में गंभीर चोट आई। उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि मावठा के पास गाइड मनीष सोनी गाड़ियों को आमेर किले तक पहुंचाने से रोक रहा था। इसी बात को लेकर जीप चालक आजम से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आजम और उसके साथी नाजिश ने मनीष पर चाकू से हमला कर दिया। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया। वारदात के बाद बड़ी संख्या में टूरिस्ट गाइड और स्थानीय लोग आमेर थाने पहुंच गए। लोगों ने करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल रहा। पुलिस ने आरोपी आजम और नाजिश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही विवाद की पूरी वजह और हमले में इस्तेमाल चाकू के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार आजम के खिलाफ आमेर थाने में पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश भी हो सकती है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट




## मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में निर्दलीयों की एंट्री, भांबू की भूमिका पर सवाल

संजयइ सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** नगरीय चुनाव 2026 में मुस्लिम बाहुल्य वार्डों के चुनावी समीकरण लगातार चर्चा में हैं। भाजपा के टिकट वितरण के साथ इन वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से राजनीतिक हलकों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। खास तौर पर निर्दलीय प्रत्याशियों के पीछे राजनीतिक समर्थन को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। वार्ड संख्या 40 में रुस्तम अली टेलर की पुत्रवधू तनु, वार्ड संख्या 52 में खलील की पत्नी खातून बानो और वार्ड संख्या 59 में शाहिद सिंघानिया की पत्नी खेरूनिशा चुनाव मैदान में हैं। वहीं वार्ड संख्या 60 में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष हाजी रशीद चौजारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड संख्या 59 में कांग्रेस प्रत्याशी तोफीक के सामने खेरूनिशा की मौजूदगी तथा वार्ड संख्या 60 में कांग्रेस प्रत्याशी जुबेर सैयद के मुकाबले हाजी रशीद चौजारा के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। स्थानीय राजनीतिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशियों पर दांव लगाने के बजाय कुछ प्रभावशाली लोगों से जुड़े निर्दलीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की रणनीति अपनाई है।

इन कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है, कि इन प्रत्याशियों को भाजपा विधायक राजेंद्र भांबू के समर्थकों का अप्रत्यक्ष समर्थन प्राप्त है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। भाजपा की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। ऐसे में सवाल यह है, कि मुस्लिम बाहुल्य वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी महज संयोग है या इसके पीछे कोई सुनियोजित राजनीतिक रणनीति है। चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि इन प्रत्याशियों की मौजूदगी से भाजपा-कांग्रेस के सीधे मुकाबले पर कितना असर पड़ता है, और इसका राजनीतिक लाभ किसे मिलता है।

## कोतवाली पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** कोतवाली पुलिस ने सीआई मुकेश चंद के नेतृत्व में फ्लैगमार्च निकाला है। कोतवाली सीआई मुकेश चंद ने बताया कि निकाय चुनावों में जनता को निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया है। फ्लैगमार्च में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए।

## ब्रजविला में दस दिवसीय भक्तमाल कथा का विश्राम, युवाओं ने उत्साह से सुनी कथा



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आचार्य महाप्रभु स्वामी श्याम चरण दास महाराज की 324वीं जयंती के उपलक्ष्य में सी-स्कीम, सरदार पटेल मार्ग स्थित ब्रजविला में आयोजित दस दिवसीय भक्तमाल कथा का सोमवार को समापन हुआ। श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में प्रसिद्ध भक्तमाली पंडित इन्द्रेश उपाध्याय ने कथा के माध्यम से संत परंपरा, भक्ति, समर्पण और सनातन मूल्यों का दिव्य संदेश दिया। भक्तमाल कथा में संत-महंतों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कथा में युवाओं का विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने बड़े चाव से प्रभु भक्ति की गाथाएं सुनीं। सोमवार को कई युवाओं ने इन्द्रेश महाराज को ठाकुरजी की प्रतिमाएं, चित्र एवं कलाकृतियां भेंट कीं। महाराज श्री ने युवाओं को भगवन्नाम जप की प्रेरणा देते हुए कहा कि भक्तों ने विकट परिस्थितियों में भी भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा, इसलिए आज के युवाओं को समस्याओं से घबराने के बजाय ईश्वर पर विश्वास रखना चाहिए।

कथा विश्राम से पूर्व गलता में भव्य नंदोत्सव मनाया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री सरस निकुंज के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि संत परंपरा और सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने का कथा का उद्देश्य पूरी तरह सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में रामगोपाल सराफ ने सभी संतों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## बिश्नोई बिजनेस समिट में 550 से अधिक कारोबारी-उद्यमी जुटे

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** बीकानेर के बीछवाल इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार को आयोजित बिश्नोई बिजनेस समिट में 550 से अधिक कारोबारी एवं उद्यमी एकत्र हुए। समिट में कारोबार को आधुनिक तकनीक, इनोवेशन और स्टार्टअप से जोड़ने के साथ-साथ वैश्विक बाजार में बदलते ट्रेंड के अनुरूप नए बिजनेस मॉडल विकसित करने पर मंथन किया गया। समिट को संबोधित करते हुए नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने युवाओं से नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में बिश्नोई समाज के उद्यमी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवाओं को आधुनिक तकनीक, इनोवेशन और स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ने के साथ अपने व्यवसाय को नए अवसरों से जोड़ना चाहिए। बिश्नोई ने उद्यमियों से पर्यावरण संरक्षण, नैतिक मूल्यों और सामाजिक सेवा को व्यवसाय का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ संस्कार और नैतिकता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### वित्तीय नियोजन और सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा

समिट में वित्तीय नियोजन, सरकारी योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं का लाभ लेने, नियमों की पालना तथा कृषि एवं महिला शक्ति के माध्यम से कारोबार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। उद्यमियों को कारोबार विस्तार के साथ आधुनिक तकनीक अपनाने और बदलते बाजार की जरूरतों के अनुरूप स्वयं को तैयार करने पर जोर दिया गया। समिट में डीआईजी देवेंद्र बिश्नोई ने उद्यमियों से कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर सामूहिकता के साथ आगे बढ़ने तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए व्यवसाय करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### गुरु जंभेश्वर के सिद्धांतों के साथ व्यवसाय करने पर जोर

संत समाज के प्रतिनिधि स्वामी भागीरथ दास शास्त्री जैसला ने व्यवसाय में गुरु जंभेश्वर के नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों के पालन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि व्यापार में सफलता के साथ संस्कार और नैतिकता को बनाए रखना भी जरूरी है। समिट अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उद्यमी राजाराम धारणीया ने व्यापार के साथ समाजसेवा को प्राथमिकता देने तथा सामूहिक विकास के लिए कार्य करने की बात कही।



### 25 से 27 दिसंबर तक जोधपुर में ग्लोबल कन्वेंशन एंड एक्सपो

बिश्नोई ग्लोबल काउंसिल के अध्यक्ष रमेश बाबल ने बताया कि आगामी 25, 26 और 27 दिसंबर को जोधपुर में बिश्नोई ग्लोबल कन्वेंशन एंड एक्सपो आयोजित किया जाएगा। उन्होंने समाज के उद्यमियों से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। समिट में व्यवसाय क्षेत्र का चयन, शिक्षा-प्रशिक्षण, वित्तीय नियोजन, मॉनिटरिंग एवं कम्प्लायंस, वैश्विक बाजार, बदलते ट्रेड, नेटवर्किंग, सरकारी पंजीकरण, ऑडिट-रिटर्न, सरकारी योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं का लाभ लेने तथा आधुनिक तकनीक, इनोवेशन और स्टार्टअप अपनाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का संचालन बिश्नोई ग्लोबल काउंसिल के महासचिव एवं समिट संयोजक आर.के. बिश्नोई, दिल्ली ने किया। समिट में बड़ी संख्या में समाज के कारोबारी, उद्यमी एवं युवा उपस्थित रहे।

## महिला स्मैक तस्कर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति और नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर जयपुर जिला विशेष टीम डीएसटी और चाकसू थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7.28 ग्राम अवैध स्मैक और बिक्री से प्राप्त 34 हजार 800 रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि जयपुर जिला विशेष टीम डीएसटी और चाकसू थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला स्मैक तस्कर हंगामी देवी सांसी 30 निवासी नासिरदा जिला टोंक हाल चाकसू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 7.28 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इसके अलावा स्मैक की बिक्री से प्राप्त 34,800 रुपए भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अब आरोपी से स्मैक की खरीद-फरोख्त, सप्लाई के स्रोत और उससे जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## सड़क दुर्घटना ने छीन लिया बचपन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कहते हैं कि बच्चों की मुस्कान में भगवान बसता है, लेकिन कभी-कभी जिंदगी इतनी बेरहम हो जाती है कि एक मासूम की मुस्कान को हमेशा के लिए दर्द में बदल देती है। ऐसा ही एक हृदय विदारक मामला तारानगर क्षेत्र से सामने आया है, जहां सड़क दुर्घटना ने एक नन्हीं बच्ची हिमांशी का बचपन ही नहीं, बल्कि उसका पूरा भविष्य बदल कर रख दिया। अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी ने बताया कि दिनांक 7.11.2021 को अपने चाचा कन्हैयालाल पुत्र मांगीलाल स्वामी वार्ड न 7 तारानगर के साथ स्कूटी पर खेत जा रही हिमांशी उम्र 5 साल को मोटरसाइकिल चालक मदन सिंह पुत्र जयसिंह मलवास ने अपनी मोटरसाइकिल को तेज गति ओर लापरवाही से चला कर सही साइड में चल रही स्कूटी के सामने से टक्कर मार कर उक्त दुर्घटना कारित करी जिससे हिमांशी कोमा में चली गई तथा कन्हैयालाल के भी चोटें लगी विभिन्न अस्पतालों में हिमांशी के इलाज चला लेकिन हिमांशी की हालत आज तक यही बनी हुई है। घटना का मुकदमा पुलिस थाना तारानगर में दर्ज करवाया पुलिस ने अनुसंधान कर चालक मदनसिंह के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया घायल हिमांशी की ओर से जरिये पिता गजानंद पुत्र मांगीलाल स्वामी वार्ड न 7 तारानगर ने क्लेम याचिका दायर की जो हिमांशी बनाम नेशनल इंश्योरेंस क आदि पेश की । पत्रावली पर आए साक्ष्यों के आधार पर पत्रावली का अवलोकन कर पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने हिमांशी के पक्ष में ब्याज सहित 53 लाख रुपये का अवार्ड पारित किया । कन्हैयालाल ओर हिमांशी की ओर से पैरवी एडवोकेट अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने की तथा स्वामी ने आम जन को संदेश देते हुए कहा कि मासूम हिमांशी की जिंदगी हमें याद दिलाती है कि सड़क पर की गई एक छोटी सी लापरवाही, किसी के पूरे जीवन का सबसे बड़ा दर्द बन सकती है। सड़क पर हुई लापरवाही का परिणाम कई बार केवल एक दुर्घटना नहीं होता, बल्कि किसी पूरे परिवार की जिंदगी भर की सजा बन जाता है। हादसे के बाद घायल व्यक्ति का दर्द तो दिखाई देता है, लेकिन उसके परिवार के टूटते सपने, आर्थिक संघर्ष, मानसिक पीड़ा और भविष्य की चिंता शायद किसी आंकड़े में दर्ज नहीं हो पाती। उक्त प्रकरण में पैरवी एडवोकेट अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने की।

## स्कूल संचालक ने मॉल की सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर दी जान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** चित्रकूट नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बनीपार्क निवासी एक निजी स्कूल संचालक ने अजमेर रोड स्थित एलीमेंट मॉल की सातवीं मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मॉल की पार्किंग से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिले हैं। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अभिनव राज 38 निवासी दुर्गा मार्ग, बनीपार्क के रूप में हुई है। वह बनीपार्क क्षेत्र में निजी स्कूल संचालित करते थे। पुलिस के अनुसार अभिनव राज सोमवार सुबह करीब नौ बजे अपाचे बाइक से घर से निकले थे। करीब साढ़े नौ बजे वह अजमेर रोड स्थित एलीमेंट मॉल पहुंचे। उन्होंने मॉल की पार्किंग में बाइक खड़ी की और लिफ्ट से सातवीं मंजिल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने वहां से छलांग लगा दी। अभिनव के नीचे गिरने पर तेज आवाज हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने लहूलुहान हालत में उन्हें देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चित्रकूट नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच करवाई गई और आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। प्रारंभिक पुलिस जांच में सामने आया है कि अभिनव राज की करीब दो वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति.पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था। दोनों अलग.अलग रह रहे थे। पुलिस के अनुसार पत्नी से चल रहे विवाद के कारण वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस मॉल की पार्किंग सहित अन्य स्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## सोलर एससीओ जारी करने के बदले दस हजार की रिश्वत लेते डिस्कॉम का सीसी बाबू गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने सोमवार को श्रीगंगानगर में कार्रवाई करते हुए जोधपुर डिस्कॉम के सूरतगढ़ स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में तैनात सीसी बाबू सुधीर को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी परिवादी की फर्म द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत लगवाए जा रहे सोलर सिस्टम से संबंधित दो पत्रावलियों में एससीओ सर्विस कनेक्शन ऑर्डर जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम लगवाने का कार्य करती है। फर्म की ओर से योजना के तहत तीन उपभोक्ताओं के सोलर सिस्टम लगाने की स्वीकृति के लिए पत्रावलियां प्रस्तुत की गई थीं। इन पत्रावलियों में एससीओ जारी करने के बदले जोधपुर डिस्कॉम, सूरतगढ़ के कार्यालय सहायक अभियंता कार्यालय में तैनात सीसी बाबू सुधीर द्वारा खर्चे-पानी के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रिश्वत की राशि नहीं देने पर सोलर सिस्टम से संबंधित स्वीकृति जारी नहीं करने की धमकी भी दी थी। शिकायत का सत्यापन करवाए जाने के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। जिस पर एसीबी श्रीगंगानगर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में ब्यूरो टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुधीर को परिवादी से 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# नगरपालिका चुनाव से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आगामी नगरपालिका चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा कस्बे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा थाना पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया।

पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने प्रमुख मार्गों, बाजारों, मतदान केंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर आमजन को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि आगामी नगरपालिका चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा कस्बे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नीरज पाठक एवं वृत्ताधिकारी गोविन्दगढ़ शिवा शर्मा के सुपरविजन में फ्लैग मार्च निकाला गया। कालाडेरा थानाधिकारी पूजा पूनिया, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने कस्बे के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान करने की अपील की। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजन से चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने से बचने को कहा गया।

पुलिस ने संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि राजस्थान पुलिस, जिला जयपुर ग्रामीण, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

आमजन से चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया गया।

# बालिकाओं को बांटे 200 सेनिटरी नेपकिन, स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और संक्रमण से बचाव का संदेश देने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र एवं यूथ केंद्र की ओर से सोमवार को सावित्री देवी गट्टाणी बालिका आदर्श विद्या मंदिर, रायसर रोड में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं के लिए 200 सेनिटरी नेपकिन वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना के साथ हुआ। केंद्र चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने कहा कि किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म को लेकर समाज में आज भी कई रूढ़िवादी धारणाएं और झिझक मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। उन्होंने बालिकाओं को शिझझक छोड़ो-चुप्पी तोड़ो-खुलकर बोलो का संदेश देते हुए वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित सेनिटरी पैड का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### दो केंद्रों ने मिलकर उपलब्ध करवाए नेपकिन

महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के सचिव वीर बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि नोखा केंद्र की ओर से 100 तथा यूथ केंद्र की ओर से 100, कुल 200 सेनिटरी नेपकिन विद्यालय को उपलब्ध करवाए गए। ये नेपकिन शाला प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई, लीला कंवर एवं कौशल्या सियाग को सुपुर्द किए गए। प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने कहा कि किशोरवय बालिकाओं के लिए सेनिटरी नेपकिन महत्वपूर्ण आवश्यकता है। स्वच्छ एवं हाइजैनिक नेपकिन का नियमित उपयोग मासिक धर्म के दौरान संक्रमण से बचाव में सहायक हो सकता है। उन्होंने विद्यालय की बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए महावीर इंटरनेशनल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आभार जताया।



### स्वच्छता से कम होता है मानसिक तनाव

समाजसेवी हरिनारायण गट्टाणी ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान उचित स्वच्छता साधनों का उपयोग करने से बालिकाओं में मानसिक तनाव कम होता है। तथा उनकी दैनिक कार्यक्षमता और पढ़ाई भी प्रभावित नहीं होती। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर बिना झिझक अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। केंद्र के वीर ईश्वर चन्द दूगड़ ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के निर्देशन में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान देशभर में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत करीब 350 केंद्रों के माध्यम से नियमित रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रियंका गोयल, सुनीता कंवर राठौड़, मनीष सीगड़, श्याम सेवग सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने तथा सेवा कार्य करने के लिए महावीर इंटरनेशनल का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस ने हथकढ़ शराब की भट्टी पर मारी दबिश





निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जयपुर दक्षिण डीएसटी और शिवदासपुरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथकढ़ शराब की भट्टी का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने ढूंढ नदी के बगरिया बहाव क्षेत्र के जंगल में दबिश देकर मौके पर करीब 8 हजार लीटर वॉश और शराब बनाने की भट्टियां नष्ट कर दीं। कार्रवाई के दौरान 102 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि डीएसटी प्रभारी विशम्भर दयाल और शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेश गौतम के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। जहां टीम ने ढूंढ नदी के बगरिया बहाव क्षेत्र में जंगल में दबिश दी। यहां आरोपी विनोद कुमार मीणा 33 निवासी शिवदासपुरा को गिरफ्तार किया है। जो कथित रूप से हथकढ़ शराब तैयार कर रहा था। पुलिस के अनुसार मौके से तीन जरीकेनों में भरी कुल 102 लीटर अवैध हथकढ़ शराब बरामद की गई। इसके अलावा खड्डों में दबाकर रखी गई करीब 8 हजार लीटर वॉश, शराब बनाने की भट्टियां और अन्य सामग्री मिली। वॉश और भट्टियों को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

## चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, कस्बे में निकाला पैदल मार्च



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** नगरपालिका चुनाव 2026 के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तारानगर पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च निकाला। पुलिस ने मुख्य बाजारों व संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई। इस मौके पर थानाधिकारी पुष्पेंद्रसिँह, एएसआई सुमेरसिंह मीणा, हरिदान सिँह राजूसिँह, हैड काँस्टेबल सुरेश कुमार, राजू नायक, काँस्टेबल सुभाष पांडर सहित अनेक पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# आईओसीएल पाइपलाइन में छेद कर 4.48 करोड़ का तेल चोरी कांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड आईओसीएल की भूमिगत पाइपलाइन में सेंध लगाकर अवैध वाल्व के जरिए करीब आठ लाख लीटर क्रूड ऑयल चोरी करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने मुख्य आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। चोरी किए गए क्रूड ऑयल की बाजार कीमत करीब 4.48 करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर करीब 36 टैंकर क्रूड ऑयल चोरी करने में शामिल होने का आरोप है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि अप्रैल 2025 में आईओसीएल ब्यावर के सहायक प्रबंधक संजय कुमार सेन ने एसओजी थाना जयपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ब्यावर जिले की मसूदा तहसील के नासून गांव में चरागाह भूमि से गुजर रही आईओसीएल की भूमिगत सलाया-मथुरा पाइपलाइन सीएमपीएल-24 में सेंधमारी की गई थी। आरोपियों ने पाइपलाइन में छेद कर अवैध वाल्व लगाया था। इसके बाद लोहे और हाइड्रोलिक प्लास्टिक पाइप तथा फ्लेंज की मदद से कनेक्शन जोड़कर पाइपलाइन से क्रूड ऑयल निकाला गया। जांच में करीब 8 लाख लीटर क्रूड ऑयल चोरी किए जाने की बात सामने आई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी की ओर से विशेष जांच शुरू की गई। मौके से एफएसएलए साइबर टीम, फुटप्रिंट और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए गए। एसओजी की तकनीकी शाखा ने बीटीएस डेटा और दूरसंचार कंपनियों से प्राप्त कॉल डिटेल रिकॉर्ड सीडीआर का विश्लेषण किया। तकनीकी जांच के दौरान गिरोह का गुजरात कनेक्शन सामने आया। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर मुख्य आरोपी जैयश भाई उर्फ मोदी उर्फ राजू 56 निवासी जवाहर नगर जिला वडोदरा गुजरात को गिरफ्तार किया। एसओजी ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस आरोपी से क्रूड ऑयल चोरी की साजिश, पाइप लाइन में सेंध लगाने, चोरी किए गए तेल की सप्लाई और गिरोह में शामिल अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। एसओजी अधिकारियों के अनुसार इस तेल चोरी के मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अन्य वांछित और संदिग्ध आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच में गिरोह के नेटवर्क और चोरी किए गए क्रूड ऑयल की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# टीडी आश्रम से सैकड़ो महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पंच दशनाम जूना अखाड़ा, टी.डी. नाथ आश्रम, पंचाली फाटक, श्रीमाधोपुर में श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर 18 वां पाटोत्सव सोमवार 14 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होंगे। आश्रम के महंत नागा बाबा नरेश गिरी ने बताया कि इस आठ दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार 7 सितंबर को कलश यात्रा, व्यास पीठ पूजन तथा मानस महातम्य कथा शुभारंभ प्रातः 9:15 बजे से शुरू किया गया।

इसके साथ ही प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 तक रामकथा ज्ञान यज्ञ आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम में 8 को गणेश जी का अभिषेक, 13 सितंबर रविवार को गणेश जी का भव्य श्रृंगार तथा 14 सितंबर सोमवार को हवन, पूर्णाहूती, कथा समापन के बाद भंडारा प्रसादी, गणेश दर्शन एवं विशाल मेला का आयोजन किया । कार्यक्रम के दौरान नित्य शिव अर्चन एवं अभिषेक भी किया जाएगा। कलश यात्रा में महिलाओं ने नृत्य करते हुए कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान कई भक्त मौजूद थे।

# नृत्यम फाउंडेशन ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नृत्यम फाउंडेशन ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए सदस्यों की नियुक्ति की। इस अवसर पर नवनियुक्त सदस्यों को संगठन में विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नृत्यम फाउंडेशन की निदेशक काजल सैनी ने बताया कि कार्यकारिणी के विस्तार का उद्देश्य संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों का विस्तार करना है। नवनियुक्त सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए संगठन के उद्देश्यों और गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इसी क्रम में राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की भी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए सदस्यों को विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गईं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन को मजबूत करने, समाज को एकजुट करने और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के लिए सभी सदस्य मिलकर कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सदस्यों ने संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा फाउंडेशन और महासभा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

## पलायन अतिक्रमण और हेरिटेज संरक्षण पर भाजपा का फोकस

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** हवामहल विधानसभा क्षेत्र में दो वार्डों को मिलाकर एक वार्ड बनाए जाने के बाद टिकट को लेकर सामने आई नाराजगी को भाजपा ने दूर करने का दावा किया है। भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने कहा कि नाराज और बागी कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों से बातचीत कर उन्हें मना लिया गया है। अब संगठन एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए चुनाव मैदान में जुट गया है। प्रवीण ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हैं और पार्टी हर चुनाव को गंभीरता से लड़ती है। चुनाव अभियान में संगठन के सभी स्तरों के कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका दी गई है। हवामहल के प्रमुख चुनावी मुद्दों पर उन्होंने पलायन, अतिक्रमण और हेरिटेज संरक्षण को प्रमुखता दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पलायन की समस्या को लेकर सरकार गंभीर है और विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित राज्य सरकार कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। परकोटे के यूनेस्को हेरिटेज दर्जे को जयपुर की ऐतिहासिक पहचान बताते हुए उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के साथ शहर की संस्कृति, स्थापत्य और हेरिटेज स्वरूप सुरक्षित रखा जाएगा। दूसरे राज्यों से नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में बुलाने के विपक्ष के आरोपों पर प्रवीण ने कहा कि यह भाजपा की कमजोरी या डर नहीं, बल्कि संगठन की मजबूत कार्यसंस्कृति और आपसी सहयोग का प्रमाण है। महाराष्ट्र के छात्र आंदोलन पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस परीक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सख्त निर्देश दे चुके हैं और कमेटी गठित की गई है। उन्होंने विपक्ष पर छात्रों के आंदोलन की आड़ में राजनीतिक जमीन मजबूत करने का आरोप लगाया। मनोज जरांगे के मराठा आरक्षण संबंधी अल्टीमेटम पर उन्होंने कहा कि सरकार समाज की अधिकांश मांगों को लेकर सकारात्मक है और संवैधानिक दायरे में समाधान का प्रयास कर रही है। दिशा सालियान मामले में सीबीआई जांच को लेकर प्रवीण ने कहा कि न्यायालय के फैसले से निष्पक्ष जांच का रास्ता खुला है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों से सच सामने आएगा। भाजपा के चुनावी एजेंडे में स्थानीय स्तर पर पलायन, अतिक्रमण, हेरिटेज संरक्षण और संगठन की एकजुटता प्रमुख हैं।

# भाजपा का विशाल जनविश्वास संगम 8 सितंबर को

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी अभियान को गति देते हुए 8 सितंबर, मंगलवार को नोखा के जैन चौक में विशाल जनविश्वास संगम आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यक्रम शाम 7 बजे होगा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित इस जनविश्वास संगम में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह मंत्री कृपा शंकर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पारीक करेंगे। भाजपा नोखा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों, प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन की भागीदारी रहेगी। बिहारीलाल बिश्नोई ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित यह जनविश्वास संगम चुनावी अभियान को नई ऊर्जा देगा। भाजपा की ओर से विकसित भारत, विकसित राजस्थान, विकसित नोखा तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संदेश के साथ मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की जा रही है। नोखा नगर पालिका के 45 वार्डों में 11 सितंबर को मतदान होना है। मतदान से पहले भाजपा का यह बड़ा कार्यक्रम चुनावी माहौल में कितना प्रभाव डालता है, इस पर राजनीतिक गलियारों की नजर रहेगी।

# बॉडी बिल्डर का कमरे में फंदे से लटका मिला शव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** करणी विहार थाना क्षेत्र के जगदम्बा नगर में एक बॉडी बिल्डर का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक दो दिन पहले ही अहमदाबाद से अपनी धर्म बहन से मिलने जयपुर आया था। सूचना पर करणी विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया कि मृतक की पहचान दौसा के लालसोट निवासी लोकेश शर्मा उर्फ लक्की 30 पुत्र सुरेश चंद शर्मा के रूप में हुई है। वह अहमदाबाद में रहकर बॉडी बिल्डिंग करता था। शनिवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। देर रात उसने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिवार के सदस्य उठ गए, लेकिन लोकेश कमरे से बाहर नहीं आया। दोपहर करीब 12 बजे तक उसके नहीं उठने पर धर्म बहन उसे जगाने पहुंची। काफी आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर दरवाजा धक्का देकर खोला गया तो अंदर लोकेश का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने से इनकार किया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# 75 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत, घर में ही मिली लाश



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिले के सुजानगढ़ शहर के मुख्य बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक घर में 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला पुखराज देवी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के गले के पास से भारी मात्रा में खून बहा हुआ पाया गया है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मतदान पर्ची बांटने वाले लोग महिला के घर पहुंचे। घर के चौक में महिला का लहुलूहान शव देखकर वे सन्न रह गए और तुरंत स्थानीय लोगों व पुलिस को सूचित किया। महिला की मौत की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। महिला का शव मिलने की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी पवन कुमार, डीएसपी अनुज शुभम तथा कोतवाली थानाधिकारी मुकेश चंद जाब्ते सहित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। मौका-मुआयना कर पुलिस साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतका पुखराज देवी घर पर अकेली रहती थीं, जबकि उनके अन्य परिजन राजस्थान से बाहर रहते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है, कि मामले की हर एंगल से गहन जांच की जा रही है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है, और उनके पहुंचने के बाद मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जयपुर सेंट्रल जेल में तलाशी के दौरान 13 मोबाइल बरामद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर सेंट्रल जेल में तलाशी अभियान के दौरान वार्ड नंबर 10 और 11 से 13 मोबाइल फोन बरामद किए गए। कैदियों के पास चार्जर, सिम कार्ड, डेटा केबल सहित अन्य प्रतिबंधित सामान भी मिला। मामले में जेल प्रहरी मनोज कुमार शर्मा की ओर से 13 कैदियों के खिलाफ लालकोठी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसआई श्याम सुंदर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर बरामद मोबाइल और अन्य सामान को जांच में शामिल किया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मोबाइल जेल के अंदर किस तरह पहुंचे और इनका इस्तेमाल किन लोगों से संपर्क के लिए किया जा रहा था। इस मामले में शिवराज, विशाल, ब्रह्मसिंह, देवी सिंह, प्रकाश, कपिल, मुस्ताक अली, विष्णु सिंह, युनुस, भानाराम माली, साहिल गोदारा, कुलवेंद्र और कृष्णा के नाम सामने आए हैं। पुलिस मोबाइल नंबर, सिम कार्ड और कॉल डिटेल के आधार पर संपर्कों और संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। साथ ही जेल में प्रतिबंधित सामान पहुंचाने में किसी बाहरी व्यक्ति की भूमिका रही या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि जयपुर सेंट्रल जेल में मोबाइल के इस्तेमाल का मामला पहले भी सामने आ चुका है। पूर्व में जेल से मोबाइल के जरिए राजस्थान के मुख्यमंत्री को धमकी दिए जाने का मामला सामने आया था। ऐसे में पुलिस इस बार बरामद मोबाइल के इस्तेमाल और इनके जरिए किए गए संपर्कों की भी पड़ताल कर रही है।

# चुनाव प्रचार परवान पर भाईचारा जिंदाबाद के लगे नारे

निसं




**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय वार्ड न 40 में नगर निकाय चुनाव के तहत पार्षद चुनाव हेतु नुक्कड़ सभा ऐसी हुई, मानो कि ये विधायक या सांसद का चुनाव हो। दरअसल खटीक बस्ती स्थित सामुदायिक भवन के पास निर्दलीय प्रत्याशी फारुख भुट्टा के समर्थन में खटीक समाज के लोगो ने चुनावी सभा का आयोजन किया। लोगो ने प्रत्याशी फारुख भुट्टा को चुनाव चिन्ह सेव से तोलकर उनका अभिनंदन किया और सेव के निशान पर ही वोट करने की अपील की। जावेद भुट्टा ने कहा कि हमारा भाईचारा जिंदाबाद है और हम सुख दुख के साथी हैं। जावेद भुट्टा ने जयश्रीराम के नारे लगाते हुए कहा कि आपने जो पगड़ी फारुख भुट्टा को पहनाई है, उसकी लाज आपको रखनी है। जब्बार भुट्टा ने कहा कि हम लोग आपके समर्थन के लिए आभारी रहेंगे। संचालन कर रहे महेश दायमा ने कहा कि रघुकुल रीति के तहत हम लोग जो कह रहे हैं, वहीं करेंगे। निर्दलीय प्रत्याशी फारुख भुट्टा ने कहा कि जनता का प्यार ही मेरी सबसे बड़ी दौलत है, मुझे अधिक से अधिक वोट दीजिए। दूसरी और सैंकड़ों की संख्या में लोग मीटिंग में मौजूद रहे। इस अवसर पर राजा सामरिया, शंकरलाल, वीर सामरिया, भगवान सांखला, हनुमान, नानूराम, श्याम दायमा, इंद्रचंद सामरिया, बजरंग, राजेश, सुनील सांखला, मुकेश सांखला, पवन कुमार, नफीस खान, जब्बार भुट्टा, शाहिद खान, शेर सिंह भाटी, मदनलाल, नेमीचंद प्रजापत, सरदार सामरिया, राम, जुगल सांखला, राकेश दायमा, पवन दायमा, डूंगर दायमा, गोवर्धन सामरिया, ओमप्रकाश दायमा, जगदीश प्रसाद सांखला, दीनदयाल सामरिया, पूर्व पार्षद श्याम सामरिया, बाबूलाल सांखला, बाबूलाल सामरिया, नेमीचंद सांखला, रूपाराम सांखला सहित सैंकड़ों को संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं सेव से तोलकर स्वागत के साथ ही चारों तरफ सेव उछलते नजर आए। भगवा रंग में मीटिंग नजर आई तो हिंदू मुस्लिम भाई भाई और गंगा जमुनी तहजीब साकार हुई।

इसी प्रकार वार्ड 49 में निर्दलीय प्रत्याशी अबरार खान को होली धोरा स्थित पहाड़ियादन कॉलोनी में फलों से तोला गया है। इस दौरान मुख्तयार खान, हाजन खुर्शीदा बानो, असलम खान, इकबाल खान, शमशेर, रफीक फतनान, जहांगीर, मकसूद, खुशी मोहम्मद, चैधरी अनीस खान, सद्दाम, मोनू, फरमान, बाबू खान, मनफूल, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान, याकूब खान, साबिर खान, मनवर खान, रमजान खान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। अबरार खान ने कहा कि वार्डवासियों ने जो मेरा स्वागत किया है मैं उसका पूरा मान सम्मान रखने की कोशिश करूंगा। इसी प्रकार वार्ड न 23 की निर्दलीय प्रत्याशी यशोदा रुलानिया के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन नौरतन मल गुर्जर, सरदारमल गुर्जर, जयचंद टाक, सफी अगवान, रमजान चौहान, शिवरतन सेन, भंवरलाल मारोठिया, सोहनलाल गुर्जर, बजरंग सेन, मदनलाल जांगिड़, कालूराम भार्गव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नियाज, सुल्तान, आनंद सैनी, अनिल सैनी, दीनदयाल सैनी, दिनेश सेन, बाबूलाल गुर्जर, राजीव गुर्जर, भेरूंदान, राधेश्याम सेन, रणजीत सेन, अशोक गुर्जर, कैलाश सैनी, हेमराज, केशरीचंद, बाबूलाल सांखला, सुरेंद्र सैनी, गौतम सैनी, जगदीश सैनी, मदनलाल गुर्जर, पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रसिंह, नानू सिंह, किशनलाल जांगिड़, लालचंद, सत्यनारायण, जेठाराम गुर्जर, हेमंत गुर्जर, शिवकुमार शर्मा भंवरलाल गुर्जर, कन्हैयालाल टाक, मंगतूराम, सद्दाम अगवान, सोहनलाल सैनी, महेश गुर्जर, मनसुख गुर्जर, भागीरथ टोकसिया, जितेंद्र भार्गव, बबलू भार्गव, सुखदेवराम, दौलत, साजिद, अनवर, ताहिर, महबूब, सुरेंद्र भार्गव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर रामनारायण रुलानिया ने कहा कि हर बुजुर्ग का बेटा बनकर, हर बहन का भाई बनकर, नौजवान का साथी बनकर सेवा करूंगा। प्रत्याशी यशोदा ने कहा कि सरकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य रहेगा ताकि जो लोग योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहते हैंए उनका अधिकतम हित सुनिश्चित हो सके।

# भारत विकास परिषद् ने किया गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** भारत विकास परिषद् शाखा द्वारा श्री संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में संरक्षक वासुदेव चाकलान, शाखा अध्यक्ष परमेश्वरलाल आत्रेय, समाजसेवी मोतीलाल तातेड़ और संस्था प्रधान शरद कुमार शर्मा, संयोजक शुकदेव सांखोलिया, प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बिदावत व कैलास आत्रेय के सानिध्य में कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रधान का अभिनंदन दुपट्टा व कंठहार पहनाकर किया गया। श्री चाकलान ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया वहीं श्री बिदावत ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला। मोतीलाल तातेड़ ने पर्यावरण संरक्षण एवं नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर विद्यालय के शिक्षक संगीता सोढ़ा, अनिता सैन व इन्द्रचंद्र जाट को दुपट्टा ओढ़ाकर, कंठहार पहनाकर, श्री फल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया वहीं अपनी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी योगिता, खुशी और मोनिका का दुपट्टा ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। कैलाश आत्रेय द्वारा नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही सी. ए. अशोक कुमार शर्मा के आर्थिक सौजन्य से पांच छात्रों की वार्षिक शिक्षण शुल्क के 90000 की रसीद कटवा कर प्रधानाचार्य को सुपुर्द की गई। कार्यक्रम का संचालन शुकदेव सांखोलिया ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी कृपाशंकर, संजय, प्रियंका, मनोज सैनी, योगेश, भवानी शंकर, अमित हरितवाल सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। संस्था प्रधान शरद कुमार शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्र गान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** वार्ड न 15 की निर्दलीय प्रत्याशी ऊषा तोषनीवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत की है, और नोटा के बटन को गलत क्रम से जनता में पेश करने के आरोप लगाते हुए मामले की जांच करने की मांग की है। ऊषा तोषनीवाल द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है, कि मैं नगर निकाय चुनाव में वार्ड संख्या 15 की निर्दलीय प्रत्याशी उषा तोषनीवाल के रूप में अभ्यर्थना कर रही हूं। जबकि एक पेंपलेट में नोटा के चिन्ह को गलत रूप से 3 नंबर पर दर्शाकर मतदाताओं को भ्रमित करने का काम किया का रहा हुआ। जबकि तीन नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी ऊषा तोषनीवाल का चुनाव चिन्ह ईवीएम में आएगा। जबकि भाजपा प्रत्याशी सीतादेवी सोनी द्वारा वितरित एवं प्रचारित चुनावी प्रचार-पत्र में क्रम संख्या 3 पर नोटा दर्शाया गया है।

# कानावासी युवती की गुमशुदगी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिले के सादुलपुर के कानावासी गांव की एक युवती के गुमशुदा होने के मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। युवती की जल्द सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण हमीरवास थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई। ग्रामीणों द्वारा थाने पर पथराव किए जाने के आरोप सामने आए हैं।

घटना में कुछ ग्रामीणों तथा पुलिसकर्मियों के चोटिल होने की सूचना है। हालांकि, पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से किया जाना बाकी है। स्थिति को देखते हुए हमीरवास थाने सहित आसपास के क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने की भी जानकारी सामने आई है। इधर, मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया भी मौके पर पहुंचीं। वे थाने के बाहर धरने पर बैठकर युवती की जल्द से जल्द सकुशल बरामदगी की मांग कर रही हैं। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांग है, कि पुलिस युवती का पता लगाकर उसे सुरक्षित वापस लाए तथा मामले में त्वरित कार्रवाई करे। मौके पर अभिजीत पाटिल और सादुलपुर थाना प्रभारी राजेश सिहाग सहित पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। पुलिस की ओर से मामले को लेकर जांच एवं युवती की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल हमीरवास थाना क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात है, और अधिकारियों द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# केडली फायरिंग मामले में नोखा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंग का सरगना श्याम पुनिया गिरफ्तार

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** केडली गांव में 14 जून की रात हुई फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में नोखा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 007 गैंग के मुख्य सरगना श्यामलाल उर्फ श्याम पुनिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जोधपुर से पकड़ा। मामले में उसके साथी राजपाल को भी गिरफ्तार किया गया है। राजपाल की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल इनोवा क्रिस्टा कार जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने आपसी रंजिश के चलते बाबूलाल लोयल और उसके परिचित अशोक बिश्नोई को केडली तालाब के पास बुलाया था। वहां उनकी कैंपर गाड़ी को टक्कर मारकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। गोली लगने से बाबूलाल और अशोक घायल हो गए थे।

## 15 जून को दर्ज हुआ था मामला

बाबूलाल की पत्नी गुड्डी देवी की शिकायत पर 15 जून को नोखा थाने में जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश तथा एसपी




मुदल कच्छावा के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। एसपी ग्रामीण बनवारीलाल मीणा और नोखा सीओ जर्नेल सिंह की देखरेख में थानाधिकारी गोविंदसिंह चारण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर तंत्र, तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की।

## पहले पांच आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

इस मामले में पुलिस पहले ही बाबूलाल, गणेशराम ढाका, उमेश धारणीया, मोहनसिंह, जितेंद्रसिंह और मेरूसिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।

श्याम पुनिया और राजपाल की गिरफ्तारी के बाद मामले में अब तक कुल आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर घटना में शामिल अन्य लोगों और फायरिंग के पीछे के पूरे घटनाक्रम का पता लगाने में जुटी है।

## 007 गैंग पर हत्या सहित 18-20 गंभीर मामले

पुलिस के मुताबिक श्याम पुनिया 007 गैंग का मुख्य सरगना है। उसने राजू मांझू के साथ मिलकर गैंग बनाई थी। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, फायरिंग और हथियारों से जुड़े करीब 18 से 20 गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2020 में महाराष्ट्र पुलिस के साथ मुठभेड़ के एक मामले में श्याम पुनिया मकोका के तहत करीब साढ़े छह साल जेल में रह चुका है।

# श्याम पार्क में सजा बाबा श्याम का अलौकिक दरबार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्याम पार्क सेक्टर-113 अग्रवाल फॉर्म मानसरोवर में म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से बाबा श्याम के विशाल भजन संध्या और नंदोत्सव का आयोजन किया गया । आचार्य महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज के सानिध्य मे नंदोत्सव मनाया। संस्था के अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि इस मौके पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया भजन संध्या में गोपाल सेन, आयुष कंसल, शुभम शर्मा सागर शर्मा, निशा शर्मा साथी कलाकारों ने बाबा श्याम के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया । श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए । नंदोत्सव के दौरान भक्तों ने जमकर उत्सव मनाया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर कपड़े और खिलौनों की उछाल भी की गई, जिसे पाने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला भजनो के दौरान श्याम नाम के जयकारों से पंडाल गूंजता रहा और श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों में झूमते नजर आए और सत्संग स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा।

# सड़क पर मिला 5 हजार रुपये से भरा पर्स, युवाओं ने मालिक को खोजकर लौटाया

कृष्ण गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** ईमानदारी आज भी समाज में भरोसे की नींव मजबूत कर रही है। सोमवार को रास्ते में मिले पर्स को उसके सही मालिक तक पहुंचाकर बारड़ा, हरियाणा निवासी रिशु और भावठड़ी निवासी आलोक शर्मा ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। पिलोद निवासी मोहन कुमार कुमावत सोमवार को सूरजगढ़ से घरेलू सामान खरीदकर बाइक से वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी जेब से पर्स रास्ते में गिर गया।

पीछे से बाइक पर आ रहे रिशु और आलोक शर्मा को सड़क पर पड़ा पर्स मिला। पर्स में करीब पांच हजार रुपये नकद और जरूरी कागजात थे। दोनों युवाओं ने पर्स में मिले वाहन चालक अनुज्ञापत्र पर दर्ज नाम-



पता देखा और पिलोद पहुंचकर मोहन कुमार के घर का पता लगाया। इसके बाद उन्होंने मोहन कुमार को पर्स में रखे रुपये और जरूरी कागजात सौंप दिए। पर्स वापस मिलने पर मोहन कुमार ने दोनों युवाओं का आभार जताया और उनकी ईमानदारी की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।चाहें तो इसका शीर्षक और ज्यादा आकर्षक रखा जा सकता है।

# नोरंग राम दयानंद ढूकिया होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय को 60 सीटों की अनुमति

## राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग ने सत्र 2026-27 के लिए महाविद्यालय संचालन की दी स्वीकृति

निसं

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। नोरंग राम दयानंद ढूकिया होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नोरंग नगर, मलसीसर रोड, झुंझुनू को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग एनसीएच ने सत्र 2026-27 के लिए नया होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करने की अनुमति प्रदान की है। महाविद्यालय को प्रतिवर्ष 60 सीटों की प्रवेश क्षमता के साथ संचालन की स्वीकृति मिली है। संस्थान के सचिव डॉ. संदीप ढूकिया ने बताया कि राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग की ओर से जारी अनुमति पत्र के तहत संस्थान को सत्र 2026-27 में होम्योपैथिक चिकित्सा एवं शल्य चिकित्सा स्नातक बीएचएमएस पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति मिली है।

नीट में शामिल विद्यार्थी इस वर्ष होने वाली प्रवेश परामर्श प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। महाविद्यालय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से संबद्ध रहेगा। इससे झुंझुनूं सहित आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। डॉ. संदीप ढूकिया ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक चिकित्सकीय प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। साथ ही महाविद्यालय एवं अस्पताल के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सुनीता ढूकिया ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग से मिली अनुमति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया।

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र में होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों को उच्च स्तर की शिक्षा एवं प्रशिक्षण के साथ आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

संस्थान निदेशक दयानंद सिंह ढूकिया ने इस उपलब्धि पर संस्थान के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ. नरेंद्र यादव, प्राचार्य डॉ. हेमश्री, डॉ. रुचिरा, डॉ. राहुल, डॉ. दिनेश, डॉ. सीमरजीत कौर, डॉ. राकेश जानू, डॉ. कमलेश सैनी, विवेक त्रिपाठी, अशोक कुमार, वीरेंद्र कालेर, अमन खालिया, जाकिर नकवी, आदित्य शर्मा, विष्णु किरोड़िवाल, निकेश शर्मा सहित समस्त संस्थान परिवार ने शुभकामनाएं दीं।

## सम्पादकीय

# जर्जर तंत्र



देश की राजधानी के सत्य निकेतन क्षेत्र में जिस तरह एक बहुमंजिला इमारत ढह गई, उसने उस तंत्र की पोल फिर से खोल दी, जो न तो जर्जर भवनों की निगरानी कर पा रहा है और न ही ऐसे भवनों में होने वाले निर्माण को रोक पा रहा है। सत्य निकेतन इलाके में जो जर्जर बहुमंजिला भवन गिरा, उसके बेसमेंट में काम चल रहा था। इसका अर्थ है कि कोई यह देखने वाला नहीं था कि बरसात के इस मौसम में एक जर्जर इमारत में निर्माण जोखिम भरा हो सकता है।


चूंकि इस भवन के पिलर के साथ नींव भी कमजोर थी, इसलिए वह नाजुक स्थिति में था। बरसात ने स्थिति और नाजुक कर दी। दिल्ली में ऐसे भवनों की कमी नहीं, जो जर्जर हालत में हैं और जिनमें नियमों के विरुद्ध काम भी होता रहता है। कुछ ही महीने पहले साकेत मेट्रो स्टेशन के निकट एक पांच मंजिला अवैध इमारत उस समय गिर गई थी, जब उसमें निर्माण हो रहा था। इसमें छह छात्रों की जान गई थी। सत्य निकेतन इलाके में गिरी इमारत में भी जनहानि हुई है। दुर्योग से यहां भी मरने और घायल होने वाले छात्र ही हैं, जो पेइंग गेस्ट के रूप में रह रहे थे। दिल्ली में एक और जर्जर भवन गिरने के बाद शोक संवेदनाओं के साथ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बातें खूब सुनाई दे रही हैं। दिल्ली सरकार के मत्रियों के साथ नगर निगम के अधिकारी दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बातें कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के हादसों के बाद सदैव ही ऐसा सुनने को मिलता है और फिर पता चलता है कि एक और हादसा हो गया। दिल्ली में जर्जर भवन इसके बाद भी गिरते हैं कि नगर निगम समय-समय पर और खास तौर पर बरसात के पहले ऐसे भवनों का सर्वेक्षण करता है। कोई भी समझ सकता है कि ऐसे सर्वेक्षण महज खानापूरी होते हैं।

जर्जर भवनों के खड़े रहने या उनमें नया निर्माण कार्य होने देने के लिए जितना दोष शासन-प्रशासन का है, उतना ही लालची भवन स्वामियों का। भवन स्वामी नियमों के विरुद्ध जाकर निर्माण करने में इसलिए समर्थ रहते हैं, क्योंकि शासन इसके विरुद्ध सख्त नहीं और प्रशासन में भ्रष्ट तत्वों का बोलबाला है। आम तौर पर ये तत्व कुछ ले-देकर न केवल हर तरह का निर्माण होने देते हैं, बल्कि गिराए जा सकने वाले जर्जर भवनों की अनदेखी भी कर देते हैं। इसका नतीजा भवनों के ढहने और लोगों की मौतों के रूप में सामने आता है।

मानकों के खिलाफ और घटिया निर्माण दिल्ली ही नहीं, सारे देश की समस्या है। यह विचित्र है कि देश में अंग्रेजों और उसके पहले के भी शासकों की ओर से बनवाए गए भवन सही-सलामत हैं, लेकिन 30-40 वर्ष पुरानी इमारतें ढह जा रही हैं। यह शर्मनाक है कि जब समय के साथ भवनों का कहीं अधिक टिकाऊ और मजबूत निर्माण सुनिश्चित किया जाना चाहिए, तब उलटी गंगा बह रही है।

## विशेष आलेख

# बढ़ते तापमान से पिघलता हिमालय



नेपाल में हिमालय का ग्लेशियर दरक कर गिरने की घटना को भूकंप विज्ञानी पिछले दो दशकों की सबसे भयावह घटना मानते हैं। लांगतांग लिरुंग पर्वत की उत्तरी ढलान पर जमा ग्लेशियर 26 अगस्त को अपनी 20 करोड़ घनमीटर बर्फ और मलबे के साथ दरक कर 1200 मीटर नीचे लेंडे खोला नदी की घाटी में जा गिरा।

उसने भोटेकोशी और त्रिशूली घाटियों में प्रलयंकारी बाढ़ के साथ-साथ 5.2 तीव्रता का भूकंप भी पैदा किया। संयुक्त राष्ट जलवायु परिवर्तन संस्था के कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से ऐसी आपदाओं की आशंका, आवृत्ति और घातकता बढ़ रही है। दक्षिणी और उत्तरी ध्रुवों के बाद सबसे अधिक बर्फ हिमालय में पाई जाती है। इसलिए इसे पृथ्वी का तीसरा ध्रुव भी कहा जाता है। हिमालय के 60 हजार से अधिक ग्लेशियर एशिया की दस बड़ी नदियों और सैकड़ों सहायक नदियों के स्रोत हैं जिनसे भारत, चीन, हिंद चीन और मध्य एशिया के अरबों लोगों को भोजन, पानी और ऊर्जा मिलती है। ग्लेशियरों का तीन चौथाई भाग समुद्रतट से केवल 4500 से 6000 मीटर की ऊंचाई पर ही है। इसलिए बढ़ते तापमान का प्रभाव इन पर सबसे पहले पड़ता है। तापमान बढ़ने के साथ-साथ एशियाई देशों से फैलते प्रदूषण के कण हिमालय के ग्लेशियरों पर काली परत के रूप में जम रहे हैं। इससे ग्लेशियरों की बर्फ सूर्य की गर्मी को परावर्तित करने की जगह उसे सोख कर पिघलने लगी है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब पहाड़ों पर बर्फबारी भी कम होने लगी है और पानी अधिक बरसने लगा है, जो सदियों से जमे ग्लेशियरों की बर्फ और पर्माफ्रोस्ट या सदाजमी मिट्टी को पिघला रहा है। यह मिट्टी सीमेंट की तरह बर्फ को मलबे और चट्टानों से बांधे रखती है। उसके पिघलने से ग्लेशियर और उनकी झीलें टूटना, हिमस्खलन और भूस्खलन बढ़ रहे हैं। पिछले 30 वर्षों में नेपाल के ग्लेशियरों की एक तिहाई बर्फ पिघल चुकी है और बीते दशक में उसके पिघलने की रफ्तार उससे पिछले दशक से 65 प्रतिशत तेज हो गई है। ग्लेशियरों और सदाजमी मिट्टी के पिघलने से हिमालय की नदियों का जल प्रवाह बढ़ रहा है, जो तात्कालिक रूप से लाभ दे सकता है, लेकिन यह दो विनाशकारी खतरों को जन्म दे रहा है। एक तो ग्लेशियर पिघलने से उनके भीतर जमे मलबे के बांधों से झीलें बन रही हैं, जिनके टूटने से बाढ़ आ सकती हैं। चोराबाड़ी ग्लेशियर की ऐसी ही झील जुलाई 2013 में उत्तराखंड में टूटी थी, जिससे अलकनंदा में प्रलयंकारी उफान आया था और केदारनाथ से लेकर सोनप्रयाग तक के तटवर्ती गांव बहा ले गया था। दूसरे, सदाजमी मिट्टी पिघलने से पहाड़ों की चोटियों पर जमे ग्लेशियर दरकने लगे हैं।

नेपाल में टूटा ग्लेशियर उसी की डरावनी मिसाल है। ऐसी ही घटना उत्तराखंड के चमोली जिले में फरवरी 2021 में हो चुकी है जब रोंटी चोटी पर जमा ग्लेशियर चट्टान के साथ टूटकर आ गिरा था। उससे ऋषिगंगा और धौलीगंगा में आई बाढ़ ने कई गांवों समेत दो पनबिजली परियोजनाओं और तपोवन बांध को ध्वस्त कर दिया था। अक्टूबर 2023 में सिक्किम में सदाजमी मिट्टी पिघलने से हुआ भूस्खलन दक्षिण लोनाक ग्लेशियर की झील में जा गिरा था, जिससे उफनी तीस्ता नदी ने चुंगथांग बांध को मिनटों में तोड़ डाला था।

अंतरराष्ट्रीय पर्वत विकास केंद्र के अनुसार पूरे हिमालय में 8000 से अधिक ग्लेशियर झीलें हैं, जिनमें से 200 से अधिक टूटने के कगार पर हैं। नेपाली अध्ययन के अनुसार कोशी, गंडकी और करनाली नदियों को जल देने वाले ग्लेशियरों में 47 ऐसी झीलें हैं, जिनके टूटने का खतरा है। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि यदि बढ़ते तापमान की रोकथाम के तुरंत कारगर उपाय नहीं किए गए तो सारे ग्लेशियर पिघल कर सूख जाने तक ऐसी आपदाएं आती रहेंगी और ग्लेशियर सूखने के बाद नदियां बरसाती बन जाएंगी और रेगिस्तान जैसे हालात हो जाएंगे।

यह भयानक परिवर्तन इस सदी के अंत तक भी हो सकता है। इसकी रोकथाम के लिए चीन और भारत समेत हिमालय की नदियों पर आश्रित सभी देशों को एकजुट होकर ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन रोकने के ठोस उपाय पहले तो स्वयं करने होंगे और फिर उनके लिए पूरी दुनिया को तैयार करना होगा, लेकिन ट्रंप जैसे नेताओं के कारण यह दुष्कर काम और भी दुष्कर हो गया है। ऊपर से जलवायु परिवर्तन इतनी गति पकड़ चुका है कि अब सारा उत्सर्जन रोकने पर भी उसका असर कई दशकों बाद ही हो पाएगा। इसलिए तात्कालिक जरूरत दरकने के कगार पर पहुंचे ग्लेशियरों और टूटने के कगार पर पहुंची ग्लेशियर झीलों की पहचान, निगरानी और पूर्वसूचना की एक सुनियोजित व्यवस्था बनाने की है।

भारत ने एक निगरानी और निवारण व्यवस्था बनाई है, लेकिन उसके काम को उत्तराखंड, सिक्किम, हिमाचल, अरुणाचल और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ नेपाल, भूटान और चीन के साथ जोड़कर और व्यापक बनाने की जरूरत है। खासकर चीन के साथ, क्योंकि नेपाल और भारत आने वाली अधिकतर बड़ी हिमालयीय नदियों के ग्लेशियर तिब्बत में हैं, जिसे एशिया की पानी की टंकी कहा जाता है। चीन तिब्बत की नदियों पर कई बांध बना रहा है, जिनमें ब्रह्मपुत्र के मोड़ पर बन रहा विश्व का सबसे बड़ा महाबांध मैडोग प्रमुख है, जिसे लेकर स्वयं चीन के भूगर्भ विज्ञानी भी चिंतित हैं, क्योंकि इसके जलाशय का दबाव इस अस्थिर क्षेत्र में बड़े भूकंप की आशंका बढ़ा सकता है।

बढ़ते तापमान से पिघलते और दरकते ग्लेशियरों और उनकी झीलों के टूटने के खतरों को देखते हुए भारत और नेपाल को भी अपनी पनबिजली परियोजनाओं और बांधों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। सबसे बड़ी जरूरत तो हिमालय की नदियों के दियारा क्षेत्रों में बढ़ रही बसावट को रोकने की है। नेपाल और भारत के हिमालयीय राज्यों में लोग पहले ऊंची ढलानों पर बसते थे और दियारों में खेती और वनीकरण किया करते थे, पर अब पर्यटन और विकास के कारण दियारा क्षेत्रों में बहुमंजिला इमारतों और घरों के जंगल खड़े हो गए हैं, जहां ग्लेशियर और झीलें टूटने से आई बाढ़ से भारी विनाश का खतरा बना रहता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# फैटी लिवर की समस्या होने पर करें चुकंदर का सेवन





लाइफस्टाइल में लगातार बदलाव का असर सेहत पर देखने को मिलता है। आज के समय में सीटिंग जॉब और ऊपर से शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण कई तरह के लक्षण दिखाई देने लगे हैं। वहीं, बाहर का जंक फूड लिवर व किडनी से जुड़े कई रोगों का मुख्य कारण माना जाता है। इन सभी बदलावों के चलते आपने इस बात को नोटिस किया होगा कि बीते कुछ वर्षों से फैटी लिवर एक आम समस्या बनती जा रही है। यह समस्या तब होती है जब व्यक्ति के लिवर की कोशिकाओं में फैट जमा हो जाता है। इसके दो प्रकार होते हैं। लेकिन, यदि आप लाइफस्टाइल में बदलाव करें, तो इस समस्या के जोखिम को कम किया जा सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो शारीरिक व्यायाम और डाइट में बदलाव फैटी लिवर के रोग को दूर करने में सहायक होता है। इसके लिए आप डाइट में चुकंदर को शामिल कर सकते हैं।

### लिवर की गंदगी को बाहर करें

चुकंदर में बीटाइन पाया जाता है, जो लिवर के लिए फायदेमंद होता है। बीटाइन लिवर की गंदगी को हटाने में सहायक होता है। यह लिवर की कोशिकाओं में जमा टॉक्सिन और फैट को कम करने में मदद करता है। चुकंदर के नियमित सेवन से लिवर पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। साथ ही, फैटी लिवर में आराम मिलता है।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण

पुरानी सूजन फैटी लिवर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चुकंदर बीटालेंस जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। चुकंदर लिवर में सूजन को कम करके ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करता है और लिवर के कार्य को बेहतर करता है।

### लिपिड मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करना

अनियंत्रित लिपिड मेटाबॉलिज्म फैटी लीवर की पहचान है। इससे लिवर में ट्राइग्लिसराइड्स और कोलेस्ट्रॉल जमा हो जाता है। चुकंदर में बीटासायनिन पाया जाता है, जो लिपिड मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करता है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकता है। यह चुकंदर के सेवन से लिवर में फैट के अत्यधिक निर्माण को रोकने में मदद करता है।

### ब्लड शुगर को नियंत्रण करें

फैटी लिवर वाले व्यक्तियों को ब्लड शुगर का जोखिम अधिक होता है। चुकंदर में घुलनशील फाइबर और नाइट्रेट होते हैं, जो इंसुलिन संवेदनशीलता और ब्लड शुगर को कंट्रोल करते हैं। डाइट में चुकंदर को शामिल करने से ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने में मदद मिल सकती है, इससे लिवर को नुकसान से बचाया जा सकता है।

### लिवर की कार्यक्षमता को बढ़ाएं

चुकंदर में विटामिन सी, विटामिन बी6, फोलेट और मैंगनीज जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह सभी लिवर के कार्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये पोषक तत्व लिवर में होने वाले कार्य को बेहतर करते हैं। जिससे लिवर अपनी गंदगी को बाहर कर पहले की तरह कार्य करने लगता है। इससे डैमेज टिश्यू दोबारा से रिपेयर होते हैं और फैटी लिवर की समस्या कम होती है।

# चेहरे पर चमक लाने के लिए खाएं यह फूड्स

खूबसूरत, मुलायम और ग्लोइंग स्किन हर कोई चाहता है। लेकिन कई लोगों को त्वचा से जुड़ी तरह-तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। कोई मुंहासों, कोई दाग-धब्बों तो कोई सनटैनिंग से परेशान हैं। ऐसे में अक्सर लोग अपनी त्वचा पर कई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं।

**तरबूज का सेवन करें :** चेहरे पर चमक लाने के लिए आपको तरबूज का सेवन जरूर करना चाहिए। तरबूज में पानी की मात्रा काफी अधिक होती है। इससे स्किन हाइड्रेट रहती है और चेहरे पर चमक बनी रहती है। अगर आप नियमित रूप से तरबूज का सेवन करेंगे, तो इससे चेहरे की खूबसूरती भी बढ़ेगी। आप नियमित रूप से तरबूज का सेवन कर सकते हैं। तरबूज में विटामिन सी होता है, जो चेहरे को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है।

**टमाटर खाएं :** टमाटर का उपयोग सलाद और सब्जी के रूप में खाया जाता है। इसमें विटामिन सी समेत कई पोषक तत्व पाए जाते



हैं। चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए आपको नियमित रूप से टमाटर का सेवन जरूर करना चाहिए। टमाटर, बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में मदद करता है। साथ ही, त्वचा पर निखार और ग्लो भी लाता है।

**शकरकंद का सेवन करें :** शकरकंद में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन होता है। विटामिन ए, एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट है, जो त्वचा के लिए बेहद जरूरी होता है। चेहरे की चमक बढ़ाने के लिए आपको अपनी डाइट में शकरकंद जरूर शामिल करना चाहिए। शकरकंद खाने से स्किन सेल्स को नुकसान होने से बचाया जाता है। शकरकंद त्वचा को टैनिंग से बचाता है। साथ ही, एजिंग के लक्षणों को भी कम करने में मदद करता है। शकरकंद खाने से त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं भी दूर होती हैं।

**अलसी के बीजों का सेवन करें :** अलसी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसलिए सभी लोगों को अपनी डाइट में अलसी के बीजों को जरूर शामिल करना चाहिए। अलसी के बीजों में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। अलसी के बीज खाने से कोलेजन का उत्पादन भी होता है, जिससे त्वचा की चमक बढ़ती है। इसके लिए आप अलसी के बीजों को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें।

**बादाम का सेवन करें :** बादाम विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा सोर्स होता है। बादाम खाने से सिर्फ सेहत को ही नहीं, त्वचा को भी कई लाभ मिलते हैं। अगर आप नियमित रूप से बादाम का सेवन करेंगे, तो इससे चेहरे की चमक बढ़ती है।

# पीसीओडी से पीड़ित महिलाएं डाइट में शामिल करें यह पोषक तत्व, मिलेगा लाभ

पीसीओडी एक प्रकार का विकार है, जिसमें महिला को पीरियड से जुड़ी कई समस्याएं होने लगती है। ऐसे में पीरियड्स अनियमित होना, पीरियड्स ज्यादा होना, अचानक वजन बढ़ना या कंसीव करने में परेशानी होने लगती है। इस दौरान डाइट और लाइफस्टाइल पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। इसके अलावा शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से भी पीसीओडी की समस्या बढ़ सकती है।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड :** ओमेगा-3 फैटी एसिड रिप्रोडक्टिव हेल्थ के लिए भी जरूरी होता है। इससे शरीर में एनर्जी बनी रहती है। इस पोषक तत्व के लिए आप डाइट में मछली, अलसी और अखरोट जैसे खाद्य पदार्थ एड कर सकते हैं। जो सूजन कम करने और हार्मोन के स्तर में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

**क्रोमियम :** क्रोमियम एक आवश्यक न्यूट्रिएंट है, जो इंसुलिन संवेदनशीलता में मदद कर सकता है। शरीर में इस पोषक तत्व की मात्रा बढ़ाने के लिए डाइट में आलू, हरी फलियां और साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं।

**विटामिन डी :** विटामिन डी एक आवश्यक मिनरल है, जो इम्यूनिटी बनाए रखता है। यह हार्मोन्स को संतुलित रखने के लिए भी जरूरी माना जाता है। सूरज की रोशनी से आपको विटामिन-डी मिल सकता है।

**मैग्नीशियम :** मैग्नीशियम शरीर में ब्लड शुगर और इंसुलिन लेवल कंट्रोल करने में मदद करता है। मैग्नीशियम के लिए आप पालक, नट्स और साबुत अनाज डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**एंटीऑक्सिडेंट :** एंटीऑक्सिडेंट संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी माना जाता है। रंगीन फलों और सब्जियों में भरपूर एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं। एंटीऑक्सिडेंट सूजन कम करने और लक्षणों में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष**
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

**वृष**
यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**मिथुन**
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

**कर्क**
पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**सिंह**
सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी। चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी।

**तुला**
दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु**
ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मकर**
सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**कुंभ**
चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मीन**
व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

# गंगाजल की कलश यात्रा से शुरू हुआ मोती डूंगरी में गणेश जन्मोत्सव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सोमवार से प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जन्मोत्सव कार्यक्रमों का आगाज हुआ। जन्मोत्सव के पहले दिन महिलाओं की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं कलश में गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचीं और यह जल प्रथम पूज्य भगवान गणेश को अर्पित किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर गणपति के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मंदिर के आसपास रहने वाले विभिन्न समाजों के लोगों ने करीब 11 वर्ष पहले भगवान गणेश को अर्पित करने के लिए कलश में गंगाजल लाने की अनुमति ली थी। धीरे-धीरे यह पहल कलश यात्रा का रूप लेती गई। अब हर वर्ष महिलाएं कलश यात्रा के रूप में गंगाजल लेकर मंदिर पहुंचती हैं और इसे भगवान गणेश को अर्पित करती हैं। कलश यात्रा से लाए गए गंगाजल से भगवान गणेश का स्नान कराया गया।



इसके बाद विधि-विधान से अभिषेक किया गया। भगवान को चोला चढ़ाकर नवीन पोशाक धारण कराई गई और विशेष श्रृंगार किया गया। पूजा-अर्चना के बाद प्रथम पूज्य को मोदकों का भोग लगाया गया।

### पुष्य नक्षत्र में पंचामृत अभिषेक

मंगलवार को पुष्य नक्षत्र में भगवान गणपति का विशेष पंचामृत अभिषेक होगा। इसके लिए 251 किलो दूध, 50 किलो दही, 25 किलो बूरा, 11 किलो शहद और 11 किलो घी का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा गुलाब जल, केवड़ा जल और इत्र से भी भगवान का अभिषेक होगा। पंचामृत अभिषेक के बाद भगवान को चोला चढ़ाया जाएगा और नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। प्रथम पूज्य को नया मुकुट पहनाया जाएगा तथा 1008 मोदकों का भोग लगाया जाएगा। पूजन के बाद नई ध्वजा चढ़ाई जाएगी। मंदिर परिवार की ओर से मुख्य ध्वजा और श्रद्धालुओं की ओर से 11 अन्य ध्वजाएं चढ़ाने की परंपरा है। मुख्य ध्वजा 27 दिन में बदली जाती है, जबकि अन्य ध्वजाएं समय-समय पर बदली जाती हैं।

### 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी

14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गजानन का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 5 बजे मंगला आरती से रात 11:40 बजे शयन आरती तक श्रद्धालुओं को दर्शन होंगे। विशेष पूजन सुबह 11:20 बजे, श्रृंगार आरती 11:30 बजे, भोग आरती दोपहर 2:15 बजे और संध्या आरती शाम 7 बजे होगी।

भोग के दौरान दोपहर 1:30 से 2 बजे तक मंदिर के पट मंगल रहेंगे। इस दिन चांदी के सिंहासन पर विराजित मोतीडूंगरी गणेशजी को स्वर्ण मुकुट पहनाया जाएगा। वहीं नौ दिवसीय गणेश जन्मोत्सव का समापन 15 सितंबर को भगवान गणेश के नगर भ्रमण के साथ होगा।

गणेशजी महाराज शाम को मोतीडूंगरी मंदिर से नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे। यात्रा एमडी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार और नाहरगढ़ रोड होते हुए गढ़ गणेश मंदिर पहुंचेगी।

### 9 सितंबर को हजारों मोदकों की सजेगी झांकी

गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रमों के तहत 9 सितंबर को मंदिर में मोदकों की भव्य झांकी सजाई जाएगी। इसमें 251-251 किलो के दो विशाल मोदक, 51-51 किलो के पांच और 21-21 किलो के 21 मोदक शामिल होंगे। इसके अलावा 1.25 किलो के 1100 मोदक और हजारों छोटे मोदक भी सजाए जाएंगे। मोदक झांकी तैयार करने में करीब 3 हजार किलो घी, 3 हजार किलो बेसन, 9 हजार किलो शक्कर और 1000 किलो सूखे मेवों का इस्तेमाल होगा। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से मोदक झांकी के दर्शन कर सकेंगे। इस दिन मंदिर में बाहर से लाया गया प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। भगवान को 21, 108 और 1008 मोदक अर्पित किए जाएंगे। शाम 6 बजे सुगम संगीत और कथक की प्रस्तुति होगी, जबकि शाम 7 बजे श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### 13 सितंबर को 3500 किलो मेहंदी से होगा सिंजारा

13 सितंबर को गणेशजी का मेहंदी पूजन और सिंजारा होगा। इस अवसर पर सोजत की करीब 3500 किलो मेहंदी भगवान गणेश को धारण कराई जाएगी। पूजा के बाद रात 7:30 बजे पांच स्थानों से मेहंदी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। महिलाओं और कन्याओं के लिए मेहंदी की अलग व्यवस्था रहेगी। इसी दिन भगवान गणेश को साल में केवल गणेश चतुर्थी पर धारण कराया जाने वाला स्वर्ण मुकुट पहनाया जाएगा। चांदी के सिंहासन पर विराजित गणेशजी विशेष पोशाक और नौलखा हार में नजर आएंगे।

### 10 से 12 सितंबर तक फल, सब्जी और फूलों की झांकी

मंदिर में 10 सितंबर को फलों, 11 सितंबर को सब्जियों और 12 सितंबर को फूलों की विशेष झांकी सजाई जाएगी। इन झांकियों में प्रकृति और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। तीनों दिन शाम 6 बजे कथक की प्रस्तुति होगी। वहीं 8 से 12 सितंबर तक ध्रुपद, सुगम संगीत और कथक कलाकार भगवान गणेश को अपनी कला समर्पित करेंगे।

## जाखल में पहली बार बनेगा पालिकाध्यक्ष

### 9 सितंबर को 20 वार्डों में चुनाव, पार्षद चुनेंगे शहर की पहली नगर सरकार




निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनने के बाद जाखल में पहली बार नगर निकाय के चुनाव होने जा रहे हैं। 9 सितंबर को 20 वार्डों में पार्षदों के चुनाव होंगे। इसके बाद निर्वाचित पार्षदों में से जाखल का पहला पालिकाध्यक्ष चुना जाएगा। ऐसे में यह चुनाव जाखल के लिए पंचायत से नगर सरकार की ओर बदलाव की नई शुरुआत होगी।

### पंचायत की जगह अब होगी नगर सरकार

जाखल को 2 सितंबर 2024 को ग्राम पंचायत से क्रमोन्नत कर नगरपालिका बनाया गया था। अब तक यहां सरपंच और वार्ड पंचों के माध्यम से पंचायत व्यवस्था संचालित होती थी। पहली बार पार्षद चुने जाएंगे और उनके माध्यम से नगर सरकार का गठन होगा। अधिशासी अधिकारी कुंवरपाल सिंह ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में कुल 6854 मतदाता हैं।

### दावेदारों ने बढ़ाया जनसंपर्क

चुनाव नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशियों ने वार्डों में जनसंपर्क तेज कर दिया है। विभिन्न वार्डों में राजनीतिक समीकरण बनने लगे हैं। वहीं जाखल की पहली नगरपालिका का पालिकाध्यक्ष कौन बनेगा, इसे लेकर भी लोगों में चर्चा तेज हो गई है।

### मूलभूत सुविधाओं पर रहेगी नजर

नई नगर सरकार के सामने शहर की सड़क, नाली, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने की चुनौती रहेगी। ग्रामीण पंचायत से नगरपालिका बनने के बाद लोगों को उम्मीद है कि शहरी क्षेत्र के अनुरूप विकास कार्यों को गति मिलेगी।


## जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित किए




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लायंस क्लब झुंझुनू जीवन की ओर से सोमवार को बीडीके अस्पताल में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत मरीजों को फल वितरित किए गए। यह सेवा कार्य क्लब सचिव एमजेएफलायन ओमप्रकाश मूंड ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। क्लब अध्यक्ष एमजेएफलायन डॉ. मुकेश एस. मूंड ने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाना है। जन्मदिवस जैसे विशेष अवसरों को सेवा कार्य से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश देता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर चेयरपर्सन लायन डॉ. नरेंद्र सिंह काजला, पर्यावरण संरक्षण चेयरपर्सन लायन ओमप्रकाश मूंड सहित अन्य लायन साथियों ने सहभागिता निभाई तथा मरीजों को फल वितरित किए। अंत में क्लब परिवार की ओर से एमजेएफलायन ओमप्रकाश मूंड को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी गई और उनके सेवा भाव एवं सामाजिक सरोकारों की सराहना की गई।

## नेत भोमिया मंदिर में एलईडी टीवी भेंट



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव स्थित नेत भोमिया मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एलईडी टीवी भेंट किया गया। सूबेदार राजेंद्र सिंह बुगालिया की पुत्री सुमन ने अपने पति हवलदार मुकेश महला के साथ मिलकर मंदिर में एलईडी टीवी भेंट किया। मंदिर के पुजारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में पहले से ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। एलईडी टीवी लगने से यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक कार्यक्रमों एवं अन्य सूचनाओं को देखने में सुविधा मिलेगी। एलईडी भेंट करने पर मंदिर से जुड़े लोगों ने सुमन व हवलदार मुकेश महला का आभार जताया।

## हृदय की जटिल बीमारियों के आधुनिक उपचार में डॉ. काबरा ने लिया विशेष प्रशिक्षण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के अतिरिक्त निदेशक-हृदय रोग विभाग डॉ. अंशु काबरा ने कजाकिस्तान के अस्ताना स्थित यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर से हृदय की संरचनात्मक बीमारियों के उपचार की विशेषज्ञता संबंधी फेलोशिप सफलतापूर्वक पूरी की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस फेलोशिप के दौरान उन्होंने हृदय की जटिल बीमारियों के आधुनिक और कम चीर-फाड़ वाले उपचार की नई तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### इन आधुनिक तकनीकों का लिया प्रशिक्षण

फेलोशिप के दौरान डॉण् काबरा ने कैथेटर के जरिए महाधमनी के खराब वाल्व को बदलने, कैथेटर के जरिए माइट्रल वाल्व प्रत्यारोपित करने, हृदय में जन्मजात छेद को विशेष उपकरण के जरिए बंद करने और भोजन नली के रास्ते त्रि-आयामी हृदय की इको जांच जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। इनमें कई उपचार कैथेटर के जरिए किए जाते हैं और मरीज के शरीर में बड़ा चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती। इससे उपयुक्त मरीजों में कम दर्द, अपेक्षाकृत जल्दी स्वस्थ होने और कई मामलों में अस्पताल में कम समय तक रुकने जैसे लाभ मिल सकते हैं।

डॉ. अंशु काबरा ने कहा कि हृदय की संरचनात्मक बीमारियों के उपचार में लगातार नई तकनीकें सामने आ रही हैं। फेलोशिप के दौरान उन्हें इन आधुनिक तकनीकों को करीब से सीखने और जटिल मामलों को समझने का अवसर मिला। उनका प्रयास रहेगा कि फेलोशिप से मिले ज्ञान और अनुभव का लाभ राजस्थान के मरीजों को मिले और उन्हें आधुनिक एवं कम चीर-फाड़ वाले उपचार की सुविधाएं जयपुर में ही उपलब्ध हो सकें। डॉ. काबरा ने फेलोशिप के दौरान मार्गदर्शन के लिए डॉ. अब्दुराशिद, डॉ. यूरी पिया, डॉ. येरकेझान, डॉ. नूरसुल्तान और डॉ. मुराद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर के लिए नारायणा हॉस्पिटल प्रबंधन, अपने सहयोगियों, दोस्तों और परिवार को भी धन्यवाद दिया। डॉ. काबरा की इस अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप से नारायणा हॉस्पिटल जयपुर में हृदय की संरचनात्मक बीमारियों के आधुनिक उपचार की सुविधाओं को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे जटिल हृदय रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए आधुनिक और कम चीर.फाड़ वाले उपचार विकल्पों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



### हृदय की संरचनात्मक बीमारियां

हृदय की संरचनात्मक बीमारियों में हृदय के वाल्व, हृदय की बनावट या उसके कुछ हिस्सों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं शामिल होती हैं। ऐसे मरीजों में लंबे समय तक सांस फूलना, जल्दी थकान होना और रोजमर्रा के कार्य करने में परेशानी जैसी शिकायतें हो सकती हैं। आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के जरिए कुछ मरीजों का उपचार खुले हृदय की सर्जरी के बिना भी संभव है।

## समृद्धि मिल्क की वार्षिक आमसभा में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** समृद्धि मिल्क एंड एग्री प्रोड्यूसर की दूसरी वार्षिक आमसभा सोमवार को अजमेर रोड स्थित होटल अमर पैलेस में आयोजित हुई। इसमें कंपनी के सदस्यों, डेयरी किसानों और प्रबंधन प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीईओ जयेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि फरवरी 2026 में परिचालन शुरू होने के बाद कंपनी ने विस्तार करते हुए तीन मिल्क चिलिंग सेंटर स्थापित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंत तक प्रतिदिन करीब एक लाख लीटर दूध संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी किसान-स्वामित्व वाले मॉडल के तहत किसानों की आय बढ़ाने और मजबूत, टिकाऊ व पेशेवर डेयरी संस्था विकसित करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय सलाहकार श्रीराम सिंह ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए किसान उत्पादक संगठनों की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन की सफलता के लिए किसानों की सक्रिय भागीदारी, पारदर्शिता, पेशेवर प्रबंधन और सामूहिक स्वामित्व को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही समृद्धि के प्रयासों की सराहना करते हुए सदस्यों से संगठन के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## कॉलेज के डाक्यूमेंट्स गुम होने का मामला दर्ज

निसं

**अजीतगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस स्टेशन पर एक जने ने अपने कॉलेज के डाक्यूमेंट्स गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि ढाणी खोखरवाली घाटमदास निवासी नवरंग लाल खोखर ने थाने पर शिकायत दर्ज कराई की 7 सितंबर को वे अजीतगढ़ आए थे उस दौरान उनकी फाइल में महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट थे जो कहीं गिर गए या गुम हो गए। पुलिस ने मामला रजिस्टर्ड कर लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि अगर किसी को वो महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट मिले तो तुरंत अजीतगढ़ थाने में संपर्क कर देवे।

## एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया क्विज प्रतियोगिता में आमेर के चार मदरसों ने लिया हिस्सा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर के हांडीपुरा क्षेत्र के चार मदरसों ने एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया क्विज प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में मदरसा ए-जौहर, गरीब नवाज, रहमानिया और सर सैयद अहमद की टीमों ने हिस्सा लिया। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह नजर आया। चारों मदरसों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता में मदरसा ए-जौहर ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि सर सैयद अहमद दूसरे और गरीब नवाज तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों ने विशेष तैयारी करवाई थी। क्विज के दौरान विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न विषयों से जुड़े सवालों के उत्साहपूर्वक जवाब दिए। एमईएएम की महासचिव सारा इस्माईल ने विद्यार्थियों से जोश के साथ सवाल किए और बच्चों ने भी उसी उत्साह के साथ जवाब दिए। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह का जोश सवालों के जवाब देने में दिखाई दे रहा है, उसी जोश के साथ जीवन में आगे बढ़कर कुछ हासिल करना चाहिए और परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य केवल बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाना नहीं है, बल्कि उनका आत्मविश्वास बढ़ाने और व्यक्तित्व विकास में भी योगदान देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि काबिल बनो, जिससे परिवार और समाज के सभी लोग रश्क करें और कहें कि देखो, मेहनत की तो काबिल बना और नाम रोशन किया। सारा इस्माईल ने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि आगे बढ़ने के लिए इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि लोग या समाज क्या कहेगा। मेहनत और काबिलियत हासिल करने के बाद लोग स्वयं दूसरों के सामने आपकी मिसाल देंगे और आगे बढ़ने की प्रेरणा लेंगे। प्रतियोगिता में शामिल मदरसों के जिम्मेदारों ने एमईएएम की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है और उनमें आगे बढ़ने की ललक विकसित होती है। प्रतियोगिता के विजेता दल को उपहार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, संस्कार भी देते हैं : डॉ. अनिल गोदारा



मधु दहिया

**सिंघाना ( नवयत्न )।** न्यू ईडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं न्यू ईडन पीजी महिला महाविद्यालय में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। न्यू ईडन महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना की गई। संस्था निदेशक डॉ. अनिल गोदारा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों का भी विकास करते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के अथक प्रयासों से विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं और राष्ट्र के विकास में योगदान देते हैं। विद्यालय में पूर्व में आयोजित सामान्य ज्ञान, ड्राइंग-पेंटिंग, मेहंदी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था में प्रधानाचार्य, व्याख्याता, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सहित सभी वर्गों के सदस्यों का सम्मान किया गया।

### इनका हुआ सम्मान

सम्मानित होने वालों में डॉ. अनिता, मनोज कुमार, विजय सिंह यादव, संतोष कुमार, प्रीतम कुमार सैनी, निजामुद्दीन खान, सुनीता सिंह, बाबूलाल, रामबाबू सैनी, विजेंद्र कुमार, सोमवीर सिंह, पूजा, चेतन कुमावत, प्रीति जांगिड़, सोनिका, रामनारायण और पुष्पा सहित संस्था के अन्य 16 सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण ने संस्था निदेशक डॉ. अनिल गोदारा को भी उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं उपहार देकर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षकों के लिए विभिन्न इंडोर गेम्स भी आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

## 1965 और 1971 के युद्ध के जांबाज हवलदार खेमचंद लांबा का निधन

### कासनी से जीवणसर तक युवाओं ने निकाली 3 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध के जांबाज हवलदार खेमचंद लांबा के निधन पर सोमवार को उनके पैतृक गांव जीवणसर में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जब उनकी पार्थिव देह गांव पहुंची तो ग्रामीणों और युवाओं ने कासनी से जीवणसर तक करीब 3 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकालकर वीर योद्धा को नमन किया। तिरंगा यात्रा में युवाओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में ग्रामीण, पूर्व सैनिक और क्षेत्रवासी वीर जवान के अंतिम दर्शन के लिए उमड़े। पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लांबा ने बताया कि हवलदार खेमचंद लांबा 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्ध में अदम्य साहस का परिचय दे चुके थे। वे गोल्ड मेडलिस्ट भी रहे। देश सेवा के दौरान वीरता और साहस के लिए उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 1971 के युद्ध के दौरान वे करीब छह माह तक लगातार मोर्चे पर डटे रहे और देश की सीमाओं की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लंबी बीमारी से जूझने के बाद जयपुर में उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को पार्थिव देह गांव पहुंचने पर लोगों ने नम आंखों से भारत माता के वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर सेक्रेटरी एवं पूर्व सैनिक/गौरव सेनानी उदय सिंह शेखावत सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व सैनिकों और ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम विदाई के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह दिल्ली से बाहर

## गुजरात के एकता नगर में आयोजन, राष्ट्रपति मुर्मू देंगी पुरस्कार; 23 सितंबर को संभावित आयोजन




राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के इतिहास में इस बार बदलाव होने जा रहा है। 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का समारोह पहली बार नई दिल्ली से बाहर होगा। अधिकारियों के मुताबिक, इसके लिए गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) को चुना गया है। यहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 23 सितंबर के गुजरात दौरे के दौरान पुरस्कार प्रदान करने की संभावना है।

### नई दिल्ली की जगह गुजरात में होगा समारोह

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह आम तौर पर नई दिल्ली में होता रहा है। पिछले साल 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का समारोह 23 सितंबर 2025 को दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए थे।

अब 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के लिए परंपरा में बदलाव किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इस बार समारोह दिल्ली से बाहर गुजरात के एकता नगर (केवड़िया) में आयोजित करने की तैयारी है। इसे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का पहला दिल्ली के बाहर आयोजन बताया जा रहा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों पुरस्कार मिलने की संभावना

डियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 23 सितंबर को गुजरात दौरा प्रस्तावित है। वह महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और इसके बाद पदरा में ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसी दौरे में उनके एकता नगर जाने की भी संभावना है, जहां वह 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान कर सकती हैं।

### एकता नगर क्यों चुना गया?

एकता नगर गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित है और यहां स्टैच्यू ऑफ यूनिटी प्रमुख आकर्षण है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह को यहां आयोजित करने से इसे गुजरात के प्रमुख पर्यटन और राष्ट्रीय एकता से जुड़े स्थल के साथ जोड़ने का संदेश जाता है। हाल ही में 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में आनंद एल राय की डॉक्यूमेंट्री 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी-एकता का प्रतीक' को भी सम्मान मिला है। यह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और केवड़िया के विकास की कहानी पर आधारित है।

### 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा पहले ही हो चुकी है

72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 18 जुलाई 2026 को की जा चुकी है। इनमें 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार कार्तिक आर्यन ('चंदू चैंपियन') और ममूटी ('ब्रह्मयुगम') को संयुक्त रूप से दिया गया।

# 20 साल बाद शाह रुख खान संग नजर आएंगी ये एक्ट्रेस, किंग फिल्म में हुई लेडी सुपरस्टार की एंट्री?

इस साल की मोस्ट अवेटेड बॉलीवुड मूवी के बारे में बात की जाए तो उसमें शाह रुख खान स्टारर फिल्म किंग का नाम शामिल है। पठान जैसी सफल फिल्म बनाने वाले निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की किंग की कास्ट को लेकर इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि हिंदी की एक दिग्गज अभिनेत्री 20 साल बाद शाह रुख खान के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। आइए जानते हैं कि वह कौन सी एक्ट्रेस से हैं, जो किंग फिल्म में नजर आएंगी।

### किंग में नजर आ सकती है ये अभिनेत्री

लंबे समय से शाह रुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। खासतौर पर मूवी की कास्ट को लेकर अक्सर अलग-अलग खबरें सामने आती रहती हैं। फिलहाल मिड डे की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार रानी मुखर्जी शाह रुख खान की किंग में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक किंग फिल्म में रानी अभिनेता अभिषेक बच्चन के अपोजिट नजर आएंगी। आखिरी बार रानी और अभिषेक साल 2007 में आई फिल्म लागा चुनरी में दाग में एक साथ नजर आए थे। इसके अलावा किंग खान के साथ रानी मुखर्जी की आखिरी फिल्म कभी अलविदा न कहना थी, जो 2006 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।


अब किंग फिल्म के जरिए रानी मुखर्जी अपने दो पुराने को-स्टार शाह रुख खान और अभिषेक बच्चन संग दोबारा से काम करती दिख सकती हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी इस मामले की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

लेकिन रानी का नाम सामने से किंग फिल्म को लेकर फैंस के बीच हाइप और अधिक बढ़ गई है। बता दें कि शाह रुख खान स्टारर किंग को इसी साल 24 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा।

### किंग फिल्म की कास्ट

अगर रानी मुखर्जी वास्तव में शाह रुख खान की किंग का हिस्सा बनती हैं तो इससे मूवी की कास्ट और अधिक बड़ी हो जाएगी। क्योंकि उनसे पहले दीपिका पादुकोण, सौरभ शुक्ला, सुहाना खान, राघव जुयाल, अनिल कपूर, जयदीप अहलवात और जैकी श्रॉफ जैसे कई कलाकारों के नाम सामने आ चुके हैं।





# मिर्जापुर: द फिल्म के गाने शूरवीर पर विवाद खत्म

## राजस्थानी सिंगर का आरोप था- बिना इजाजत इस्तेमाल किया गाना लिया, राज्य की छवि बिगाड़ी, कैसे सुलझा मामला

राजस्थानी रैपर और कलाकार रैपरिया बालम के गाने 'शूरवीर' को 'मिर्जापुर: द फिल्म' में इस्तेमाल करने पर विवाद हो गया था। रैपरिया बालम ने वीडियो जारी कर दावा किया था कि फिल्म में गाना उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया गया। हालांकि अब ये विवाद खत्म हो चुका है।

अब गाने के म्यूजिक लेबल ट्रूपर रिकॉर्ड्स ने बयान जारी कर कहा है कि उसने 'शूरवीर' को फिल्म में इस्तेमाल करने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट को आधिकारिक लाइसेंस दिया था। ट्रूपर रिकॉर्ड्स ने अपने बयान में लिखा, ट्रूपर रिकॉर्ड्स यह साझा करते हुए खुश है कि 'शूरवीर' को 'मिर्जापुर: द फिल्म' में इस्तेमाल करने के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट को आधिकारिक तौर पर लाइसेंस दिया गया था। एक्सेल एंटरटेनमेंट और पूरी मिर्जापुर टीम को रिलीज पर बधाई। लेबल ने इसी बयान में गाने के क्रेडिट भी साझा किए। इसमें रैपरिया बालम को 'शूरवीर' का गायक और कंपोजर बताया गया है। ट्रूपर रिकॉर्ड्स के इस बयान के बाद विवाद फिलहाल शांत होता दिख रहा है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि गाने के कलाकार रैपरिया बालम और लेबल के बीच अनुमति और अधिकारों को लेकर क्या सहमति थी।


### क्या था गाने पर विवाद?

मिर्जापुर: द फिल्म 4 सितंबर को रिलीज हुई। फिल्म में शूरवीर गाना दिखाया गया। इसके बाद राजस्थानी सिंगर रैपरिया बालम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ये गाना उनका है, जिसे बिना इजाजत इस्तेमाल किया गया। रैपर के मुताबिक, फिल्म में गाना मारधाड़ और गोलियां चलाने वाले सीन में इस्तेमाल हुआ, जिससे उनके राज्य की छवि खराब हुई। जबकि ये गाना उन्होंने महाराणा प्रताप पर बनाया था।



# हनुमान अंश पार्ट-2 में दिखेगा नैनीताल का कैंची धाम

## 1960 के बाद की कहानी; 2006 में डायरेक्टर ने टेका था माथा, कमाई 107 करोड़ के पार



बाबा नीब करौरी के जीवन पर बनी फिल्म हनुमान अंश के पार्ट-2 की तैयारी शुरू हो गई है। फिल्म के डायरेक्टर डॉ. विशाल चतुर्वेदी ने इसकी घोषणा की है। पार्ट-2 में कैंची धाम की कहानी भी दिखाई जाएगी।

बाबा 1960 के दशक की शुरुआत में कैंची पहुंचे थे और 15 जून 1964 को यहां हनुमान मंदिर व आश्रम की स्थापना हुई। जीवन के अंतिम वर्षों में कैंची उनका प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र रहा।

डॉ. विशाल चतुर्वेदी 2006 के आसपास अपनी पोस्टिंग के दौरान कई बार कैंची धाम गए थे। यहीं उनका पहली बार नीम करोली बाबा की शिक्षाओं से परिचय हुआ। इस अनुभव का उन पर गहरा असर पड़ा और करीब दो दशकों बाद यही जुड़ाव हनुमान अंश की कहानी की प्रेरणा बना।

नैनीताल में भवाली के पास शिप्रा नदी के किनारे स्थित कैंची धाम बाबा से जुड़े प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में शामिल है। नैनीताल में उनसे जुड़े चार प्रमुख धाम बताए जाते हैं- कैंची धाम, काकड़ीघाट, हनुमानगढ़ी और भूमियाधार। 'हनुमान अंश' की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री को भी चौंका दिया। करीब 2 करोड़ रुपए के बजट में बनी यह फिल्म शुरुआत में सीमित स्क्रीन पर रिलीज हुई थी। पहले सप्ताह में इसके शो और स्क्रीन घटकर करीब 25 रह गए थे। इसके बाद दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और वर्ड ऑफ माउथ ने फिल्म की किस्मत बदल दी। चौथे सप्ताह तक फिल्म करीब 1,200 स्क्रीन तक पहुंच गई। अलग-अलग उद्योग स्रोतों में कमाई के आंकड़ों में अंतर है, लेकिन 4 सितंबर तक फिल्म करीब 107 करोड़ रुपए का कारोबार कर चुकी थी। यानी फिल्म ने अपनी लागत से 50 गुना से ज्यादा कमाई की। इस तरह 'हनुमान अंश' बेहद कम बजट में बड़ी कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है।

# रणबीर कपूर की रामायण के साथ दिखेगी Love And War की झलक

लव एंड वॉर की पहली झलक का इंतजार कर रहे फैन्स को शायद थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। संजय लीला भंसाली की मोस्ट रोमांटिक ड्रामा फिल्म, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं, का टीजर पहले 28 सितंबर को रिलीज होने की उम्मीद थी, जो रणबीर का जन्मदिन भी है।


### रणबीर के बर्थडे पर मिलेगा बड़ा सरप्राइज

लेकिन अब नये अपडेट के अनुसार टीजर के बजाय, मेकर्स ने रणबीर के खास दिन के लिए कुछ और सरप्राइज प्लान किया है। अब यह मोस्ट अवेटेड टीजर रामायण के साथ दिखाया जाएगा, जो रणबीर की एक और बड़ी फिल्म है और दिवाली 2026 में रिलीज होने वाली है।

### रामायण के साथ दिखाई जाएगी फिल्म की पहली झलक

28 सितंबर को टीजर रिलीज करना अब संभव नहीं है क्योंकि लव एंड वॉर की फाइनल शूटिंग का शेड्यूल सितंबर के पहले हफ्ते में ही खत्म हुआ है। खबरों के मुताबिक, संजय लीला भंसाली अब टीजर को ऑनलाइन लॉन्च करने के बजाय इसे थिएटर में रिलीज करना चाहते हैं।

मिड डे ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि चूंकि रणबीर कपूर दोनों फिल्मों में हैं, इसलिए रामायण के साथ लव एंड वॉर का टीजर दिखाने से यह ज्यादा लोगों तक पहुंच सकता है।






### लव एंड वॉर के बारे में

संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बन रही यह फिल्म अपनी शानदार कास्ट और भंसाली के डायरेक्शन की वजह से अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में है। रणबीर और आलिया फिर से साथ नजर आएंगे, जबकि विक्की पहली बार भंसाली के साथ काम करेंगे।

इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है और टीजर नवंबर में आने की उम्मीद है, और उसके बाद दिसंबर के आखिरी हफ्ते में ट्रेलर आएगा। लव एंड वॉर जनवरी 2027 में रिलीज होने वाली है।

# नीम करोली बाबा के बाद पर्दे पर दिखेगी साई बाबा की कहानी, इस दिन सिनेमाघरों में रिलीज होगी तेरा साई



नीम करोली बाबा पर आधारित फिल्म हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। फिल्म की तारीफों के पुल बांधे जा रहे हैं और इसके सभी गाने इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। अब नीम करोली बाबा के बाद पर्दे पर साई बाबा की कहानी दिखाने की तैयारी हो रही है। जी हां, साई बाबा पर आधारित एक फिल्म बन रही है जिसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी गई है।

### साई बाबा बनेंगे संजय मिश्रा

बड़े पर्दे पर जो साई बाबा की भूमिका निभाने वाले हैं, वो एक्टर कोई और नहीं टैलेंटेड एक्टर संजय मिश्रा हैं। संजय मिश्रा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म तेरा साई से अपना पहला लुक रिवील किया है जिसमें वह साई बाबा के लुक में दिखाई दे रहे हैं।

### कब रिलीज होगी तेरा साई?

फिल्म के पोस्टर के साथ रिवील किया गया है कि आखिर यह फिल्म कब सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। इस फिल्म को देखने के लिए 5 महीने का इंतजार करना होगा। फिल्म अगले साल 5 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा गया है, सबका मालिक एक।

### चार भाषाओं में होगी रिलीज


इस फिल्म को पलाश मुच्छल बना रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण शैलेश एस सांघवी कर रहे हैं। फिल्म को चार भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इस फिल्म को आप हिंदी, मराठी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में देखा जा सकेगा।

### चर्चा में है हनुमान अंश

नीम करोली बाबा उर्फ नीब करौरी बाबा पर बनी फिल्म हनुमान अंश इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। रिलीज के 15 दिन बाद फिल्म की कमाई में अचानक उछाल आया और यह इस साल की सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में शुमार हो गई है। 1.7 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने 100 करोड़ के पार कारोबार किया है।

## 56 साल पहले आया था महमूद का ठेठ देहाती गाना

# किशोर दा संग स्वर कोकिला ने छेड़े थे सुर



हिंदी सिनेमा जगत में लोक गीत और देहाती कल्चर का बोलबाला काफी देखने को मिला है। लंबे अरसे से देसी स्टाइल के गीत और मूवीज बनती आ रही हैं। इसी आधार पर आज हम आपको स्वर कोकिला लता मंगेशकर और महान गायक किशोर कुमार के एक ऐसी ही ठेठ देहाती गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो पिछले 56 सालों से श्रोताओं द्वारा खूब सुना जा रहा है। उस पुराने को बॉलीवुड के कॉमेडी किंग रहे महमूद पर फिल्माया गया था।

आइए इस मामले को थोड़ा और विस्तार से जानते हैं- पुराने जमाने में कई ऐसी फिल्में देखने को मिली थी, जिनमें ग्रामीण पृष्ठभूमि के किरदारों को वरीयता दी जाती थी। उसी आधार क्षेत्रीय भाषा को जहन में रखते हुए गाने भी तैयार किए जाते थे। एक ऐसा ही गीत साल 1970 में रिलीज होने वाली अभिनेता विनोद खन्ना और महमूद की मूवी मस्ताना के लिए भी बना था, जिसके बोल थे- जब जब हम तुमको देखे छैला...

इस गाने को किशोर कुमार और लता मंगेशकर ने एक साथ मिलकर गाया था, जबकि महमूद और अभिनेत्री पद्मिनी पर फिल्माया गया था। महमूद मस्ताना मूवी में सेकेंड लीड रोल में मौजूद थे और इसके बावजूद उन्होंने इस गीत के जरिए हर किसी का दिल जीता। इस गाने में महमूद की वेशभूषा भी इस गाने की लोक शैली का प्रमाण देती है। लता मंगेशकर और किशोर कुमार की गायिकी के अलावा महान संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने मिलकर मस्ताना फिल्म के इस गाने के संगीत को तैयार किया था। इसके अलावा दिग्गज गीतकार आनंद बक्शी द्वारा मस्ताना के जब जब हम तुमको देखे छैला... लिरिक्स को लिखा गया था। इस तरह से महमूद का ये देहाती गाना बनकर तैयार हुआ था।

दरअसल फिल्म मस्ताना अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा मूवी के तौर पर ये मूवी दर्शकों का दिल जीतने में नाकाम रही थी। लेकिन इस फिल्म का जब जब हम तुमको देखे छैला... गीत काफी फेमस हुआ था और हिट रहा था।

# चाय पिलाने वाला बना डायरेक्टर, प्रवीण बेबी को किया लॉन्च तवायफों पर बनाई फिल्म; पाई-पाई को हुआ मोहताज

कुछ डायरेक्टर सिनेमा को बदल देते हैं और बीआर इशारा भी उन्हीं में से एक हैं। उनकी सोच अपने समय से आगे रहती थी जो उनकी फिल्मों में साफ दिखता था। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि बीआर इशारा हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में से एक रहे, लेकिन उन्हें कभी-कभी अपनी फिल्मों के चलते आलोचना भी झेलनी पड़ती थी। उनकी फिल्मों को बी-ग्रेड कहा जाता था। हालांकि, उन्होंने सिनेमा को कई यादगार फिल्मों से नवाजा।

**इस आर्टिकल में हम आपको हिमाचल प्रदेश के ऊना में जन्मे बीआर इशारा के बारे में बताने जा रहे हैं...**

### घर से भाग गए थे डायरेक्टर

7 सितंबर 1934 को बीआर इशारा का जन्म हुआ। उनका असली नाम रोशन लाल शर्मा था। बचपन से ही उन्हें सिनेमा से लगाव था। एक दिन ठान लिया कि मुंबई जाकर फिल्मी दुनिया में जाएंगे और फिर घर से भागकर मायानगरी आ गए। हालांकि, यहां आकर तुरंत स्टार बन जाना आसान थोड़ी।

### लोगों को चाय पिलाते थे डायरेक्टर

शुरू में गुजारा करने के लिए इशारा ने छोटे-मोटे काम किए। कभी वह सेट पर टी ब्वॉय बनकर चाय सर्व करते तो कभी स्पॉट ब्वॉय का काम किया। यहां से उन्हें सेट पर रहने का मौका मिला और धीरे-धीरे उन्होंने अपनी जगह बनानी शुरू कर दी। शुरू में वह लेखकों के साथ मिलकर कहानियां लिखते थे और फिर डायरेक्टर्स को असिस्ट करना भी शुरू कर दिया था।

### बीआर इशारा की फिल्में

1964 में आई फिल्म आवारा बादल थी जिससे उन्होंने अपना निर्देशन करियर शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने तीसरी कसम, चांद और सूरज, स्पाई इन रोम, मिलाप, प्रेम शास्त्र जैसी फिल्में बनाई हैं। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा सफलता चेतना फिल्म से मिली। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जितनी सफल रही, उतनी ही विवादों में भी रही।

### तवायफ पर बनी फिल्म पर मचा था बवाल

फिल्म एक तवायफ पर आधारित थी। इस वजह से फिल्म को लेकर बवाल मचा। मगर दर्शकों ने इसे सराहा और यह सुपरहिट बन गई। फिल्म में अनिल धवन, शत्रुघ्न सिन्हा और रेहाना सुल्तान मुख्य भूमिकाओं में थे। बीआर इशारा सिर्फ अपनी फिल्मों के लिए ही नहीं, बल्कि उन्होंने कई सितारों को लॉन्च भी किया है। वह नए कलाकारों के साथ फिल्में बनाने से नहीं हिचचिकाते थे।



### कई सितारों को किया लॉन्च

बीआर इशारा ने परवीन बाबी और भारतीय क्रिकेटर सलीम दुर्रानी जैसे कई कलाकारों को इंडस्ट्री में लॉन्च किया। यही नहीं, उन्होंने अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा समेत कई स्टार्स को उनके शुरुआती दौर में मौके भी दिए।

### तंगी से गुजरा आखिरी वक्त

बीआर इशारा ने अपने करियर में करीब 35 फिल्मों में ही काम किया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों से दूरी बना ली। उनकी आखिरी फिल्म 1996 में हुकुमनामा और सैतेला भाई आई थी। इसके बाद वह लाइमलाइट से दूर हो गए। खबरों की मानें तो उनका आखिरी समय बहुत तकलीफ से गुजरा था। अपने आखिरी दौर में बीआर इशारा आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। कहा जाता है कि उनके पास इतने पैसे भी नहीं थे कि वह अपना इलाज करवा सके। 24 जुलाई 2012 को डायरेक्टर का 77 साल की उम्र में निधन हो गया था।

# निकाय चुनाव में सोशल मीडिया बना चुनावी मैदान

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों और समर्थकों ने अब सोशल मीडिया को प्रचार का प्रमुख माध्यम बना लिया है, जिसमें पोस्टर, बैनर, अपील और चुनावी संदेशों की बाढ़ सी आई हुई है। सुबह से देर रात तक अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों में प्रत्याशियों के प्रचार सामग्री लगातार शेयर की जा रही है। भाजपा, कांग्रेस, आरएलपी सहित निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थक भी सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाने में जुटे हैं। एक ही दिन में दर्जनों चुनावी पोस्टर और संदेश देखने को मिल रहे हैं। चुनावी प्रचार के इस नए डिजिटल दौर में प्रत्याशी घर-घर संपर्क के साथ सोशल मीडिया पर भी अपनी मौजूदगी मजबूत करने में लगे हैं। वहीं यूंट्यूबर पर प्रत्याशियों का साक्षात्कार मतदाताओं के बीच भी अलग-अलग प्रत्याशियों के दावों और वादों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अब देखना होगा कि सोशल मीडिया पर चल रहा यह प्रचार मतदान के दिन मतदाताओं के फैसले को कितना प्रभावित करता है।

# तेज बारिश के बाद मकान का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू शहर के वार्ड नंबर 25 में शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद मध्यरात्रि करीब 2:30 बजे एक मकान का आगे का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने की तेज आवाज से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हादसे के समय छज्जे के नीचे कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वार्ड निवासी खुशी मोहम्मद भाटी ने बताया कि शनिवार शाम को क्षेत्र में तेज बारिश हुई थी। इसके बाद मध्यरात्रि करीब 2:30 बजे उनके मकान के आगे का छज्जा अचानक गिर गया। घटना के बाद आसपास के वार्डवासी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।बिजली लाइन बंद कराने के लिए किया फोन, सुबह तक नहीं पहुंचा कर्मचारी छज्जा गिरने के बाद मकान के पास से गुजर रही विद्युत लाइन को लेकर वार्डवासियों में चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने रात्रि में बिजली विभाग को फोन कर विद्युत लाइन बंद करवाने की सूचना दीए लेकिन वार्डवासियों के अनुसार सुबह करीब 8 बजे तक बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे लोगों में रोष और भय का माहौल बना रहा।

### एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान

छज्जा गिरने से मकान के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मकान मालिक खुशी मोहम्मद भाटी के अनुसार हादसे में एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण करवाकर क्षतिग्रस्त मकान और विद्युत लाइन की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# मीनू शर्मा बनीं हिन्दू महिला सभा बीकानेर ग्रामीण की जिलाध्यक्ष

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से मीनू शर्मा को हिन्दू महिला सभा बीकानेर ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश कार्यालय जयपुर से जारी संदेश में कहा गया कि मीनू शर्मा के संगठनात्मक अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलेगी। संगठन ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हिन्दू महिला सभा बीकानेर ग्रामीण क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। संगठन की ओर से कहा गया कि समाज एवं संगठन के प्रति निष्ठा और सेवा भाव रखने वाले कार्यकर्ताओं की आज आवश्यकता है। मीनू शर्मा की नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्र में महिला संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की उम्मीद जताई गई। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा एवं सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर संगठन की ओर से श्भारत माता की जय श्वंदे मातर और जय जय श्री राम के उद्घोष के साथ मीनू शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। चाहें तो मैं इसे पंजाब केसरी/दैनिक नवयत्न की स्थानीय अखबारी शैली में और ज्यादा प्रभावशाली हेडिंग व राजनीतिक एंगल के साथ भी बना सकता हूँ।

# भानु प्रताप के नेतृत्व में नांगल भीम सहित 10 पंचायतों में बरगद के पौधों का वृक्षारोपण

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम नांगल भीम राजस्थान सरकार के वरिष्ठ वित्तीय अधिकारी भानु प्रताप के नेतृत्व में रविवार को नांगल भीम सहित क्षेत्र की करीब 10 पंचायतों में बरगद के पौधों का वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नांगल भीम, खटकड़, थोई, पीथलपुर, करोड़ी जोहड़ी, रूपपुरा सहित अन्य पंचायतों में ट्री गार्ड के साथ बरगद के पौधे लगाए गए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और वे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के मजबूत आधार बन सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी लेने का संकल्प लिया। भानु प्रताप ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर बड़ा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बरगद भारतीय संस्कृति और प्रकृति का प्रतीक है, तथा ऐसे अभियान जनभागीदारी से ही सफल होते हैं। वृक्षारोपण अभियान ने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश दिया और ग्रामीणों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार सैनी सरपंच प्रत्याशी, रामेश्वर लाल सैनी, सतीश कुमार सैनी, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार सैनी, बल्लू सैनी, शीशपाल सैनी नया कुआ, मनीष सैनी, मोनू सैनी, सुनील सैनी सहित कई ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# पालकी के साथ नीमड़ी घाटी चढ़े साधु-संत, ग्रामीणों के घर बने परिक्रमार्थियों की शरण स्थली

ओमप्रकाश



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** अरावली की वादियों में मालकेतु बाबा की 24 कोसीय परिक्रमा के तीसरे दिन सोमवार को अगेती दल के परिक्रमार्थी नीमड़ी घाटी पार करते नजर आए। शाकंभरी से नीमड़ी घाटी तक पूरा मार्ग श्रद्धालुओं से भरा रहा। साधु-संत पालकी के साथ दुर्गम घाटी की चढ़ाई पार करते दिखाई दिए। परिक्रमा मार्ग में नीमड़ी घाटी की चढ़ाई को सबसे दुर्गम माना जाता है। घाटी में रास्ता संकरा होने के कारण परिक्रमार्थियों को सावधानी से आगे बढ़ना पड़ता है। चढ़ाई के दौरान श्रद्धालुओं की सांस फूल जाती है और पसीने से शरीर तर-बतर हो जाता है। चढ़ाई पूरी करने के बाद श्रद्धालु पहाड़ी पर बैठकर कुछ देर आराम करते हैं। दुर्गम रास्ते पर भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए हैं। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने बारह तिबारा, शोभावती नदी, टपकेश्वर महादेव मंदिर, भगोवा, शाकंभरी और किरोड़ी में रात्रि विश्राम किया।

### ग्रामीणों के घरों में मिल रही अपनापन भरी सेवा

परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले सैकड़ों परिवार परिक्रमार्थियों की ऐसी आवभगत कर रहे हैं, जैसे वे उनके रिश्तेदार या मेहमान हों। परिक्रमार्थी रास्ते में किसी भी घर में रात गुजारने या आराम करने के लिए जगह तलाश लेते हैं और ग्रामीण उन्हें बिना किसी पूछताछ के सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं। ग्रामीण श्रद्धालुओं को भोजन भी करा रहे हैं। जो यात्री अपना भोजन स्वयं बनाना चाहते हैं, उनके लिए बर्तन, चूल्हे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। सेवा शिविरों में लगातार तला हुआ भोजन लेने से ऊब चुके कई परिक्रमार्थी ग्रामीणों के घर पहुंचकर बाजरे की रोटी और देसी मिर्च का स्वाद ले रहे हैं। परिक्रमा के तीसरे दिन ग्यारस होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी रही और मार्ग पर बड़ी संख्या में भीड़ नजर आई।

### 24 कोसी परिक्रमा में लगा एकमात्र प्लास्टिक मुक्त भंडारा

मालकेतु बाबा की प्रसिद्ध 24 कोसीय परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में चिराना की भैरव घाटी के नीचे सांवलोदा पुरोहितान निवासी प्रकाश ढाका और उत्तम जांगिड़ की जोड़ी की ओर से लगाया गया भंडारा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खास बात यह है कि यह भंडारा प्लास्टिक मुक्त रखते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। भंडारे में श्रद्धालुओं को नींबू की विशेष चाय, घर के गाय.भैंस के दूध से बनी चाय, नाश्ते सहित विभिन्न सेवाएं 24 घंटे नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। भंडारा स्थल पर प्लास्टिक के उपयोग से परहेज करते हुए स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रकाश ढाका और उत्तम जांगिड़ ने बताया कि उनकी जोड़ी जातिवाद से ऊपर उठकर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में मिल-जुलकर भंडारे की व्यवस्था करती रही है। 24 कोसीय परिक्रमा के दौरान चिराना में भैरव घाटी के नीचे यह उनका दूसरा भंडारा है। श्रद्धालुओं की सेवा के साथ स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाए रखना भी उनका प्रमुख उद्देश्य है। भंडारे में राजू ढाका, रंजीत ढाका, सरपंच प्रतिनिधि धनेश ढाका, विजेंद्र खोखर, हरि बख्श सरण, हरिराम ढाका, सुनील ढाका, श्रवण निमेल, गोपाल कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता दिन-रात सेवाएं दे रहे हैं। कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को चाय-नाश्ता उपलब्ध कराने के साथ भंडारा स्थल की स्वच्छता व्यवस्था भी संभाल रहे हैं। प्लास्टिक मुक्त भंडारे की यह पहल धार्मिक आस्था के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है।

# महास्वच्छता अभियान के तहत एक दिन में उठा 500 टन कचरा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसून के बाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम जयपुर का विशेष महास्वच्छता अभियान सोमवार को छठे चरण में पहुंचा। स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर थीम पर मालवीय नगर, जगतपुरा और झालाना जोन के सभी वार्डों, गलियों और मोहल्लों में युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। निगम के अनुसार एक दिन में करीब 500 टन कचरे का निस्तारण किया गया। इस अभियान की शुरुआत सुबह 7 बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर से अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल ने स्वच्छता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर की। इस दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य ओम थानवी, उपायुक्त जगतपुरा-झालाना अर्पणा शर्मा, मालवीय नगर जोन उपायुक्त मुकुट सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अभियान में 1500 से अधिक स्वच्छता योद्धाओं के साथ आधुनिक मशीनरी और संसाधनों का इस्तेमाल किया गया। संयुक्त टीमों ने विभिन्न स्थानों से जमा कचरा, गंदगी और मलबा हटाया। खुले कचरा डिपो को जेसीबी और डंपर की मदद से साफकिया गया। जलभराव और जल निकासी वाले स्थानों पर सुपर सकर मशीन सहित अन्य संसाधनों का इस्तेमाल किया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि मानसून के बाद सफाई व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से 8 सितम्बर तक सात चरणों में विभिन्न जोन में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से खुले में कचरा नहीं डालने और घर-घर आने वाले हूपर में ही कचरा डालने की अपील की।

# प्रचार थमा, अब मान-मनुहार का दिन आज घर-घर दस्तक देंगे प्रत्याशी

## कल होगा मतदानय हर पल बदलेंगे सियासी समीकरण, किसकी डूब रही नैया कौन होगा पार

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगर निकाय झुंझुनू के 60 वार्डों में होने वाले चुनाव के लिए सोमवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम गया। अब मंगलवार का दिन प्रत्याशियों के लिए मतदाताओं की मान-मनुहार का होगा। बुधवार 9 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रचार का शोर थमने के बाद अब प्रत्याशी और उनके समर्थक यह जानने में जुटे हैं कि किस वार्ड में किसके पक्ष में माहौल है और मतदाताओं का मूड किस ओर दिखाई दे रहा है। मंगलवार को प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क करेंगे। मतदाता भी इस दौरान यह देखेंगे कि चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों में से कौन उनके घर तक पहुंचा और किसने केवल सिफारिश या फोन के जरिए वोट की अपील की। अंतिम समय में व्यक्तिगत संपर्क को लेकर प्रत्याशियों के बीच भी पूरी ताकत झोंकने की होड़ रहेगी।

### किसी ने दो-तीन बार मांगा वोट

शहर के कई वार्डों में ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जो अपने पूरे वार्ड में एक बार नहीं, बल्कि दो से तीन बार तक मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं। वहीं अधिकतर वार्डों में ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जो चुनाव मैदान और सोशल मीडिया में सक्रिय होने के बावजूद बड़ी संख्या में मतदाताओं से सीधा संपर्क नहीं कर पाए हैं। ऐसे में मंगलवार का संपर्क उनके लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

### स्थानीय चुनाव में व्यक्तिगत संपर्क अहम

नगर निकाय का चुनाव वार्ड स्तर का चुनाव होने के कारण व्यक्तिगत संपर्क को काफी प्रभावी माना जाता है। प्रत्याशी की व्यक्तिगत पहचान, व्यवहार, वार्ड में सक्रियता और मतदाताओं से संबंध जैसे मुद्दे यहां अहम भूमिका निभाते हैं। यही वजह है, कि प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी आखिरी दिन व्यक्तिगत संपर्क पर जोर दे रहे हैं।

### भाजपा-कांग्रेस को सिंबल का सहारा

व्यक्तिगत संपर्क के साथ भाजपा और कांग्रेस जैसे प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को पार्टी के चुनाव चिन्ह का लाभ मिलने की उम्मीद है। दोनों दलों से जुड़े मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा है, जो प्रत्याशी के साथ पार्टी के चुनाव चिन्ह को प्राथमिकता देता है। हालांकि स्थानीय समीकरण, व्यक्तिगत संबंध और प्रत्याशी की छवि भी मतदान के दौरान अपना असर दिखा सकती है।

### हर वार्ड में अलग कहानी

60 वार्डों में मुकाबले के समीकरण भी एक जैसे नहीं हैं। कहीं पार्टी का सिंबल मजबूत दिखाई दे रहा है तो कहीं प्रत्याशी की व्यक्तिगत पकड़ चर्चा में है। कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को सीधी चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में अंतिम परिणाम से पहले किसी एक तस्वीर को पूरे शहर पर लागू करना आसान नहीं।

### बुधवार तक जारी रहेंगे कयास

मंगलवार को दिनभर शहर में चुनावी चर्चाएं और कयास जारी रहने की संभावना है। कौन जीत रहा है, किसकी स्थिति मजबूत है, किस प्रत्याशी को कितने वोट मिल सकते हैं और कौन कितनी बढ़त बना सकता है, इन सवालों पर समर्थकों के अपने-अपने दावे होंगे। लेकिन आंशिक फैसला बुधवार को मतदान के साथ मतदाताओं के हाथ में होगा।

### अब मतदाता की बारी

प्रचार समाप्त हो चुका है और प्रत्याशियों की ओर से अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाने का औपचारिक दौर पूरा हो गया है। अब मंगलवार को मतदाता प्रत्याशियों के व्यक्तिगत संपर्क और किए गए वादों को परखेंगे। बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान के बाद 60 वार्डों के प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो जाएगा। अब नजर इस बात पर है कि मतदाता किसे प्रतिनिधि चुनते हैं और किसे वार्ड की राजनीति तक ही सीमित कर देते हैं।

# बैर के पेड़ के नीचे गड्डे में छिपा रखी थी अफीम, एएनटीएफ ने पकड़ी 8.202 किलो खेप

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नशा मुक्त राजस्थान-2029 अभियान के तहत मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ ने बाड़मेर में लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बाड़मेर ग्रामीण थाना क्षेत्र के जुनेजा मेहरों की बस्ती, हरियाली ग्राम पंचायत भाड़खा में बैर के पेड़ के नीचे जमीन में गड्ढा खोदकर छिपाई गई 8.202 किलोग्राम अफीम बरामद की। इसमें 7.186 किलोग्राम अफीम का दूध और 1.016 किलोग्राम विनिर्मित अफीम शामिल है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 85 लाख रुपए बताई गई है।

मामले में मोडाराम पुत्र मुलाराम प्रजापत को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा और अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के निर्देशन में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि मोडाराम अपने घर और खेत में मादक पदार्थों की खरीद.फरोख्त करता है, और बड़ी मात्रा में नशा छिपाकर रखता है। सूचना पर एएनटीएफ टीम उसके घर पहुंची तो खेत में मौजूद मोडाराम पुलिस को देखकर घबरा गया। पूछताछ के बाद स्थानीय पुलिस को मौके पर बुलाया गया और एएनटीएफ व बाड़मेर ग्रामीण थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से घर और खेत की तलाशी ली। तलाशी में बैर के पेड़ के नीचे मिट्टी के अंदर गड्ढे में छिपाकर रखी अफीम बरामद हुई। एएनटीएफ ने दो दिन पहले भी बाड़मेर में जमीन के नीचे गड्ढे में छिपाकर रखी गई अफीम, विनिर्मित अफीम और डोडा-चूरा की बड़ी खेप बरामद की थी। इसके बाद टीम ने जमीन के नीचे मादक पदार्थ छिपाने वाले संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ाई। आईजी विकास कुमार ने कहा कि तस्कर नशे की खेप छिपाने के नए तरीके अपना रहे हैं, लेकिन एएनटीएफ का सूचना तंत्र ऐसे ठिकानों तक पहुंच रहा है। कार्रवाई में शामिल टीमों को एएनटीएफ मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# अजा एकादशी पर छोटीकाशी में भक्तों का उमड़ सैलाब

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अजा एकादशी के पावन अवसर पर गुलाबी नगरी छोटीकाशी में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में तड़के से ही दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

### गोविंद देवजी और सरस निकुंज में विशेष मनोरथ

प्रसिद्ध श्री गोविंद देवजी मंदिर में एकादशी के अवसर पर ठाकुरजी को आकर्षक लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई और गोचारण भाव से मनमोहक श्रृंगार किया गया। वहीं सुभाष चौक, पानो का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के पावन सान्निध्य में एकादशी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। यहाँ ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार का पंचामृत से अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से दिव्य श्रृंगार किया गया।

### शहरभर के देवालयों में गूंजे जयकारे

अजा एकादशी पर पुरानी बस्ती स्थित श्री राधा गोपीनाथ, चौड़ा रास्ता के श्री राधा दामोदर, मदन गोपाल, ब्रज निधि, लाड़लीजी एवं मुरली मनोहर, मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में भी एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन और झांकियों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही। इधर गलता गेट स्थित गीता गायत्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मंदिर में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी ने श्याम प्रभु का पंचामृत अभिषेक कर उन्हें नवीन मनमोहक पोशाक धारण कराई और नयनाभिराम श्रृंगार किया। अभिषेक और श्रृंगार के पश्चात मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद विधिवत हवन संपन्न किया गया। घंटे-घड़ियालों की गूंज के बीच प्रभु की भव्य महाआरती उतारी गई। मंदिर के प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि एकादशी के अवसर पर श्याम प्रभु के दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाजपा ने तेज किया प्रचार अभियान, आज शाम होगी अहम बैठक

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव को लेकर नोखा में राजनीतिक गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से समर्थन की अपील कर रहे हैं। तेज धूप और उमस के बावजूद प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। चुनाव में भाजपा और विकास मंच के बीच सीधी टक्कर दिखाई दे रही है। वहीं कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित करते नजर आ रहे हैं। प्रमुख निर्दलीय प्रत्याशियों को अपने पक्ष में लाने के लिए विभिन्न दलों एवं नेताओं की ओर से मान-मनुहार का दौर भी चल रहा है।

### भाजपा की आज शाम अहम बैठक

भाजपा की ओर से आज शाम 8 बजे पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी प्रत्याशियों, वार्ड प्रभारियों एवं वार्ड संयोजकों को बुलाया गया है। बैठक में मंगलवार को होने वाली भाजपा की जनसभा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। भाजपा की जनसभा जैन चौक में आयोजित होने की जानकारी सामने आई है। पार्टी ने निकाय चुनाव में अपना बोर्ड बनाने के लक्ष्य के साथ संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई सहित शहर के प्रमुख भाजपा नेता बैठक में मौजूद रहेंगे।

### बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर

भाजपा ने चुनावी तैयारियों को लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। पार्टी के प्रमुख नेता कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर चुनावी रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई के नेतृत्व में भाजपा की चुनावी कमान संभाले जाने की बात भी सामने आ रही है। दूसरी ओर विकास मंच भी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में है। विकास मंच की ओर से पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर सक्रिय नजर आ रहे हैं, और प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी संपर्क एवं रणनीति को धार दी जा रही है।

### 11 सितंबर को मतदानए 45 वार्डों में होगा फैसला

नोखा नगर पालिका के 45 वार्डों में 11 सितंबर को मतदान होना है। मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनावी मुकाबला और रोचक होता जा रहा है। प्रत्याशियों के जनसंपर्क, राजनीतिक समीकरणों और निर्दलीय उम्मीदवारों की भूमिका पर अब सभी की नजरें टिकी हैं। आने वाले दिनों में कौन सा राजनीतिक समीकरण किसके पक्ष में जाता है, और निर्दलीय प्रत्याशी किसका खेल बिगाड़ते या बनाते हैं, यह चुनाव परिणाम के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# संगोष्ठी का हुआ आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांधी बस्ती में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष पूनमचंद सारस्वत ने बताया इस कार्यक्रम में प्राचार्य ममता महरिया द्वारा वक्तव्य दिया गया एवं स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य वक्ता समिति मंत्री राम प्रसाद शर्मा ने विचार प्रकट किए।

## सौंथली में कृष्ण-सुदामा की कथा सुनाई

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली गांव के रघुनाथ मंदिर में आयोजित भागवत कथा के दौरान कथावाचक अजय मिश्रा ने सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। कथा में कृष्ण-सुदामा की निश्छल मित्रता, सुदामा की गरीबी और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने मित्र के प्रति दिखाए गए प्रेम का वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता हमें सच्चे मित्र के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण का संदेश देती है। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा की स्थिति को देखकर बिना कुछ कहे ही उनके मन की बात समझ ली और मित्रता का धर्म निभाया। कथा के दौरान श्रद्धालु अरे द्वारपालो कन्हैया से कह दो भजन पर झूम उठे। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवणपान किया और श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। मुख्य यजमान अशोक मिश्रा, सुरेश अग्रवाल व मनोहर लाल जांगिड़ रहे।

## मुख्य बाजार स्थित घर में मिला वृद्धा महिला का शव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के मुख्य बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास घर में ही एक वृद्ध महिला पुखराज देवी का शव मिला है। पुखराज देवी के लाश के गले के पास से काफी खून बह चुका था। मामले का खुलासा तब हुआ जब मतदान के लिए पर्ची बांटने वाले लोग घर पर पहुंचे, तो आगे घर के चौक में पड़ी लाश देखकर सन्न रह गए। महिला पहले माले पर स्थित आवास में रहती थी। सूचना मिलने पर कोतवाली थाने के सीआई मुकेश चंद, डीएसपी अनुज शुभम, एडिशनल एसपी पवन कुमार मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। करीब 75-80 वर्षीय महिला पुखराज देवी के अन्य रिश्तेदार राजस्थान से बाहर रहते हैं। पुलिस मामले की हर एंगल से देख रही। दूसरी ओर परिजनों द्वारा दी जाने वाली रिपोर्ट का भी पुलिस का इंतजार है। लाश मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ भी मौके पर एकत्रित हो गई। दूसरी ओर लूट के उद्देश्य से घटना कारित होने का अंदेशा भी सामने आ रहा है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी, लोकेशन, लोगों की घटना के पहले और बाद में आस पास की उपस्थिति के बारे में जांच कर रही है। वहीं लूट के इरादे से हत्या का अंदेशा भी जताया जा रही है। पुलिस मामले में सब पहलुओं की जांच कर रही है। मौके पर एफएस एल की टीम भी पहुंची और सैंपल एकत्रित किए। पुलिस ने शव को बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

## वीरेंद्र अवाना तीसरी बार रेसला ब्लॉक अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** व्याख्याता संगठन रेसला खेतड़ी ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन सोमवार को सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक सुरेंद्र कुमार बड़सरा एवं वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। वीरेंद्र अवाना को लगातार तीसरी बार रेसला खेतड़ी ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। वहीं हरवंश शर्मा को ब्लॉक मंत्री, मोनिका डांगी को महिला मंत्री, दिनेश जांगिड़ को कोषाध्यक्ष, रामानंद को उपाध्यक्ष, पंकज नेहरा को महिला उपाध्यक्ष, यशपाल जौरासिया को मीडिया प्रभारी तथा विजयपाल यादव एवं सीमा चाहर को रेसला प्रवक्ता चुना गया। इसी प्रकार लीलाधर यादव, जयपाल यादव, मातादीन गुर्जर एवं सुरेंद्र ताखर को संगठन मंत्री, दुर्गा प्रसाद गुर्जर एवं संपत लाल को संरक्षक तथा कपूरचंद को सभाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र अवाना ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। शिक्षक हितों के लिए संगठन को मजबूत करते हुए एकजुट होकर निरंतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संयोजक गजेंद्र कुमार एवं नगेंद्र कुमार जालोपिया ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## शारीरिक शिक्षक आलडिया को मिला राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में मानव जन जागृति संस्थान, जयपुर द्वारा द्वितीय राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 2026 का जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राजस्थान के 50 शिक्षक शिक्षकों का राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान 2026 सम्मान किया गया। इसी क्रम में शिक्षा, खेलकूद, पर्यावरण, भामाशाह प्रेरक, विद्यालय विकास एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए शारीरिक शिक्षक अशोक आलडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूवां रतनगढ़ का चयन होने अध्यक्षता डॉ. रविप्रकाश महरडा पूर्व डीजीपी, मुख्य अथिति सुधीर कुमार गुप्ता आई ए एस प्रमुख शासन सचिव, संरक्षक जी. सी. राय पूर्व आई ए एस विशिष्ट अतिथि डॉ सुनीता दामिनी गुप्ता लेखिका, समाज सेविका, डॉ रणजीत महरानिया, गजानंद पड़ीहार, रामसिंह मीणा, मनराज कॉँटीवाल, मुकेश जिंदल, गुलाबचंद नालिया के सानिध्य में प्रदान किया गया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन कैलाश मोरदिया व मोहम्मद याकूब किया।

# राजेंद्र राठौड़ ने की भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जन सभा, कहा हम भाजपा का बोर्ड बनाएंगे

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय संत रविदास आश्रम के पास आयोजित सभा में राजेंद्र सिंह राठौड़ का पुष्प वर्ष करके भव्य स्वागत किया गए। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राठौड़, चुनाव प्रभारी प्रहलाद राय टाक, राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, एस सी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जय श्री दाधीच, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, मदनलाल गुलेरिया, अयूब कुरैशी, प्रियंका सियौता, विनय माटोलिया आदि मंचस्थ रहे। लोगो को संबोधित करते हुए भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ सहित जिले भर के नेताओं ने सुजानगढ़ को कांग्रेस मुक्त करने का मिशन बना लिया है। सुजानगढ़ में राजेंद्र राठौड़ के आगमन से नया वायुमंडल माना है और हम लोग जनता का विकास करने वाला सभापति बनाएंगे। क्योंकि सुजानगढ़ की जनता उम्मीद लगाए बैठी है। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि भाजपा को चुनाव जिताएं, भाजपा एकजुट होकर ये चुनाव लड़ रही है। जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा। अनुजा वित्त निगम के अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने राजेंद्र राठौड़ की काफी सारी तारीफ की। भाजपा से चुनाव प्रभारी प्रहलादराय टाक ने कहा कि भजनलाल शर्मा सरकार के ढाई सालों के काम पर जनता मोहर लगाएगी और भाजपा का बोर्ड बनाएगी। कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ छल करने का काम किया। टाक ने कहा कि निर्दलीय को वोट मत दोए वो आपका वोट खराब करेंगे, क्योंकि भाजपा उनको छोड़ चुकी है। भाजपा नेता संतोष मेघवाल ने कहा 10 साल से जनता ने कुशासन झेला है, उसका अंत करने का वक्त आ गया है। हम सब मिलकर गरीब को गणेश मानकर सेवा करेंगे। भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद में यहां पर केवल डीजल बिल उठते हैं, लेकिन सड़कों से पानी क्यों नहीं उठता ऐसे 10 साल के कुशासन का अंत करते हुए सभी लोग भाजपा का वोट दें और नगर परिषद में भाजपा प्रत्याशियोंयो जीताकर भेजें। अनेक वार्डों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में सैंकड़ों को संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पहले राजेंद्र राठौड़ का सौभाग कंवर, गौरव इंदौरिया, रतनलाल नायक, मंगतू, सुरेंद्र सोनिवाल, दीनदयाल पारीक, कमल दाधीच, गंगाधर लाखन, हिमांशु भाटी आदि ने स्वागत किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राठौड़ को लड्डुओं से तोलकर अभिनंदन किया गया। वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि सुजानगढ़ में 10 साल के कुशासन का अंत होगा और भाजपा इस बार सुजानगढ़ में बोर्ड बनाकर अपना सभापति बिठाएगी। सभा के बाद सभी राजेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में पैदल ही बस्ती में निकले और जन संपर्क किया।

## आइडिया आपका, मंच सरकार का : 15 सितंबर तक करें रजिस्ट्रेशन, जीतें 10 हजार का इनाम

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसरों की जानकारी दी गई। प्रोग्रामर यादव राम ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की ओर से युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान स्टार्टअप क्रेस्ट 2026 इनोवेट राजस्थान-आइडियाज फॉर विकसित भारत का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय, विवेकानंद स्कूल, नव चेतना, राजकीय विधि विद्यालय खेतड़ी नगर और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेतड़ी सहित अन्य संस्थानों में विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की प्रक्रिया और उद्देश्य से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में राजस्थान का कोई भी विद्यार्थी, युवा, महिला, ग्रामीण क्षेत्र का व्यक्ति अथवा स्थापित उद्यमी हिस्सा ले सकता है। प्रतिभागियों को ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्र की समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए अपने इनोवेटिव आइडिया प्रस्तुत करने होंगे। एक टीम में अधिकतम पांच सदस्य शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 15 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा सकेगा। ब्लॉक स्तर पर चयनित श्रेष्ठ तीन विजेताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम विजेता को 10 हजार रुपए, द्वितीय को 5 हजार रुपए और तृतीय विजेता को 3 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। ब्लॉक स्तर के विजेता आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक एवं नवाचारी समाधान तलाशना तथा युवाओं में स्टार्टअप और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों और युवाओं में उत्साह देखा गया। विभाग की ओर से अधिक से अधिक युवाओं से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की गई।

## श्री क्षत्रिय युवक संघ के चार दिवसीय प्राथमिक शिविर संपन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम झाडली स्थित महाशक्ति ओमकंवर मंदिर परिसर में क्षत्रिय युवक संघ द्वारा आयोजित 3 से 6 सितंबर तक चले प्राथमिक शिविर का रविवार सुबह 10 बजे समापन हुआ। श्री क्षत्रिय युवक संघ के प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर में संघ प्रमुख लक्ष्मण सिंह बैण्याकाबास का सानिध्य स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। अपने उद्बोधन में संघ प्रमुख नें क्षत्रिय युवक संघ की विचार धारा से उपस्थित समाज बन्धुओ को अवगत करवाया।

रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में शिविर का समापन हुआ। शिविर प्रभारी व जयपुर ग्रामीण प्रान्त प्रमुख प्रवीण सिंह विजयपुरा, संघशक्ति के सम्पादक राजेंद्र सिंह बोबासर, जयपुर शहर प्रान्त प्रमुख सुधीर सिंह ठाकरियावास, श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़ मण्डल प्रमुख दयाल सिंह श्यामपुरा, शंकर सिंह खानपुर, नरपत सिंह निठारा, टीकमपाल सिंह व सूर्यप्रताप सिंह महरौली, श्री राजपूत सभा श्रीमाधोपुर कार्यकारिणी सदस्य झब्बर सिंह झाडली, नरपत सिंह झाडली, भंवर सिंह मानगढ़, सहित कई स्थानीय स्वयंसेवकों ने शिविर को सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग किया।

## तेज अंधड़ के साथ हुई बरसात, गर्मी से मिली राहत



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** क्षेत्र में सोमवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज अंधड़ के साथ हुई बरसात से लोगों को दिनभर की उमस और गर्मी से राहत मिली। दिनभर तेज गर्मी के बाद शाम करीब 5 बजे अचानक आसमान में बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज अंधड़ के कारण बाजार और मुख्य रास्तों पर लगे कई होर्डिंग हवा में उड़ गए। वहीं, बारिश तेज होने से कुछ ही देर में क्षेत्र में अंधेरा छा गया। सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों को दिन में ही वाहनों की लाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा। अचानक बदले मौसम और बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया। बारिश शुरू होते ही लोग गर्मी से राहत महसूस करते नजर आए, जबकि कई लोग बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर जाते दिखाई दिए।

## 1.31 लाख की कुश्ती में नहीं निकला विजेता, संजय और साहिल का मुकाबला बराबरी पर

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** उपखंड के मेहाड़ा स्थित गोगाजी धाम में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक मेले के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गोगाजी महाराज के मंदिर में धोक लगाकर दर्शन किए और मेले में खरीदारी की। मेले में पुलिस प्रशासन, मंदिर समिति, स्थानीय स्वयंसेवकों और नवयुवक मंडल के सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। मेले के दौरान ग्राम पंचायत मेहाड़ा जाटवास की ओर से कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। दंगल में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाया। दंगल का मुख्य आकर्षण 1 लाख 31 हजार रुपए की अंतिम इनामी कुश्ती रही। यह मुकाबला जैलाफ के संजय पहलवान और रोहतक के साहिल नाड़ के बीच हुआ। दोनों पहलवानों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन कुश्ती बराबरी पर समाप्त हुई। समिति की ओर से दोनों पहलवानों को 25-25 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गुर्जर ने मुख्य सड़क से स्टेडियम तक विधायक कोष से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। मेले में उमड़ी भीड़ को देखते हुए। आयोजन समिति और प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान मनीषा गुर्जर, मदनलाल गुर्जर, होशियार सिंह चौधरी, प्रकाश चंद अवाना, रोहताश मनकड़ा, राजेश बबलू अवाना, प्रभु राजौता, सतीश खारड़िया, शंकरलाल, छोटेलाल पहलवान, चुन्नीलाल, विक्रम स्वामी, बिजनेस, कृष्ण सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पपुरना में गूंजा एकता का संदेश, राजपूत समाज ने लिया संगठित होकर आगे बढ़ने का संकल्प

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के पपुरना गांव स्थित शाकंभरी माता मंदिर परिसर में सोमवार को निर्वाण वंश के संस्थापक नरदेव सिंह की स्मृति में राजपूत एकता समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता ठाकुर पूर्ण सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराणा ने की। अतिथियों ने नरदेव सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी भाईचारा, एकता और सहयोग जरूरी है। सामाजिक हितों के लिए मतभेद भुलाकर सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि ठाकुर पूर्ण सिंह ने कहा कि युवा समाज की शक्ति हैं। युवाओं को बेहतर शिक्षाए संस्कार और सही मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को शिक्षा, रोजगार सहित अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। युवाओं से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया गया। समारोह में समाज के लोगों ने नरदेव सिंह के जीवन एवं योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान राजपूत समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अतिथियों एवं समाज के गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। इस मौके पर मनोहर सिंह घोड़ीवारा, करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी, पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत, मोहन सिंह निर्वाण, भागीरथ सिंह निर्वाण, हरिओम सिंह उसरिया, घनश्याम सिंह, राजेंद्र सिंह हरड़िया, जयपाल सिंह, पूर्व सरपंच वीर सिंह, मदन सिंह, सुरेश सिंह, नरेश सिंह, राजेश सिंह, अनिल सिंह, संदीप सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान का संदेश, श्रीमाधोपुर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर पुलिस प्रशासन ने सोमवार को श्रीमाधोपुर कस्बा में फ्लैग मार्च निकालकर मतदाताओं को भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया। फ्लैग मार्च रेलवे स्टेशन से शुरू होकर मुख्य बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से बिना किसी भय या दबाव के मतदान करने की अपील की। साथ ही आमजन को चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराने का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश पूनियां, थानाधिकारी दिनेश मीणा, सीआई नरपत सिंह सहित पुलिस जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190